इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व
छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित
लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व
छत्तीसगढ़ शासन से
विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -261 राजनांदगांव, गुरूवार 08 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स
एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई की ताबड़तोड़ कार्यवाही, सोनवानी और कांग्रेसी नेताओं समेत 15 जगहों पर मारा छापा

रायपुर। सीबीआई ने 2022 में हुई छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा में भाई-भतीजावाद के आरोपों के सिलसिले में राज्य में 15 जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि नेताओं, पीएससी अधिकारियों और लोक सेवकों के 'अयोग्य' परिजनों को बड़े सरकारी पदों पर भर्ती किया गया। उन्होंने कहा कि रायपुर में भाई-भतीजावाद का कथित तौर पर लाभ उठाने वालों के छह, दुर्ग में तीन, महासमुंद और धमतरी में दो-दो और सरगुजा व बिलासपुर में एक-एक ठिकाने पर छापे मारे गए।

अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने 16 ऐसे परीक्षार्थियों को नामजद किया है, जिन्हें उपकलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक और अन्य बड़े पदों पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने बुधवार को उनमें से 15 के परिसरों पर छापे मारे, जबकि एक परीक्षार्थी के आवास की पहले ही तलाशी ली जा चुकी है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष तामन सिंह सोनवानी, पूर्व सचिव जीवन किशोर ध्रुव और एक परीक्षा नियंत्रक पर जुलाई में अपने बेटों, बेटियों, रिश्तेदारों और परिचितों को मेरिट सूची में उच्च अंक लाने में मदद करने के लिए मामला दर्ज किया गया था।

2022 की परीक्षा में हुई थी हेरफेर

आरोप है कि 2022 की परीक्षा में हेराफेरी हुई। इस परीक्षा के परिणाम 11 मई 2023 को घोषित किए गए थे। सोनवानी के परिवार के पांच सदस्य भर्ती प्रक्रिया में लाभार्थी थे। उन्होंने कहा कि इन पांच सदस्यों में उनका बेटा नीतेश और बहू निशा कोसाले (उप कलेक्टर), बड़े भाई का बेटा साहिल (पुलिस उपाधीक्षक), बहू दीपा अदिल (जिला आबकारी अधिकारी) और बेटी सुनीता जोशी (श्रम अधिकारी) शामिल हैं। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि आरोप है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के तत्कालीन सचिव (ध्रुव) ने अपने बेटे सुमित का उपकलेक्टर के पद पर चयन कराया। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

'हमने वादा किया था घोटाले का करेंगे खुलासा'

रायपुरः छत्तीसगढ़ में बुधवार के दिन सीबीआई ने प्रदेश के 15 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। इसमें लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष समेत कांग्रेस नेता के यहां रेड की गई है। सीबीआई की रेड को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत हमने बहुत स्पष्ट रूप से प्रदेश के नौजवानों और लोगों से वादा किया था कि पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच कराएंगे। जांच कराकर पीएससी का जो घोटाला है। वह लोगों के बीच लाएंगे और नौजवानों को न्याय दिलाएंगे।

जेल से 1 साल बाद बाहर आएंगी निलंबित आईएएस रानू साहू : सुको से मिली बड़ी राहत लेकिन ईओडब्ल्यू ने फंसा दिया पेंच

रायपुर। छत्तीसगढ़ के चर्चित कोयला घोटाले के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू को बड़ी राहत मिली है। रानू साहू और कारोबारी दीपेश टांक को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। राहू साहू एक साल से जेल में बंद है जबकि कारोबारी दीपेश टांक डेढ़ साल से जेल में बंद है। एक तरफ जहां रानू साहू को राहत मिली है। वहीं, दूसरी तरफ ईओडब्ल्यू ने उनके खिलाफ नई एफआईआर दर्ज की है। इओडब्ल्यू की शिकायत की कार्रवाई के बाद माना जा रहा है कि रानू साहू को एक बार फिर से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

कोयला घोटाला मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जमानत दी। कोर्ट ने रानू साहू और दीपेश टांक को 7 अगस्त तक के लिए अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बचाव पक्ष की तरफ से पैरवी की। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस भुवन की डबल बैंच ने जमानत के आदेश जारी किए।

ईओडब्ल्यू ने बढ़ा दी मुश्किलें

छत्तीसगढ़ कोयला घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू ने निलंबित आईएएस रानू साहू, उप सचिव सौम्या चौरसिया और समीर बिश्नोई की मुश्किलें बढ़ा दी है। इन तीनों के खिलाफ ईओडब्लयू ने नई एफआईआर दर्ज की है। तीनों पर आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि ईओडब्ल्यू ने दो जुलाई को केस दर्ज किया था वहीं, जमानत आज यानी की सोमवार को मिली है।

ईडी ने किया था गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ कोल घोटाले के मामले में ईडी ने निलंबित आईएएस रानू साहू को गिरफ्तार किया था। श्रष्ठ ने रानू साहू और दीपेश टांक को मनी लॉन्ड्रिंग और कोयला घोटाला केस में गिरफ्तार किया था।

570 करोड़ से ज्यादा का है घोटाला

ईडी का दावा है कि छत्तीसगढ़ में कोयले में घोटाला किया गया है। जिसके बाद इस मामले में 36 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

आज सीएम हाउस में जनदर्शन

विष्णु देव साय प्रदेश की जनता से करेंगे सीधा संवाद, सुनेंगे समस्याएं

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 8 अगस्त को रायपुर में जनदर्शन का आयोजन करेंगे। इस दौरान वे आमजन की समस्या सुनेंगे। जनदर्शन की शुरुआत सुबह 11 बजे से मुख्यमंत्री निवास से किया जाएगा। अधिकारियों को इसे तैयारी करने कहा गया है। इस जनदर्शन में अलग-अलग विभागों से अफसर मौजूद होंगे। लोगों की समस्याओं और शिकायतों के हिसाब से उसी समय सीएम अधिकारियों को निर्देशित करेंगे।

दरअसल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनदर्शन की शुरूवात रायपुर में 27 जून से की थी। जनदर्शन हर सप्ताह गुरुवार को दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक जनदर्शन चलेगा। यहां आम लोगों को सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री के सरकारी आवास में एंट्री दी जाएगी। लोगों को अपनी समस्याओं का आवेदन मुख्यमंत्री के नाम लेकर जाना होगा। शिकायत से जुड़े दस्तावेज साथ रखने होंगे।

जनता से सुझाव भी लेंगे मुख्यमंत्री

जनदर्शन में मुख्यमंत्री जनता के सुझाव भी लेंगे। इसके अलावा सरकारी योजनाओं से उन्हें मिलने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी ली जाएगी। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

छत्तीसगढ़ में बनेगा देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व : सरकार ने गुरु घासीदास- तमोर पिंगला को किया अधिसूचित

रायपुर। छत्तीसगढ़ का गुरुघासीदास- तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने गुरुघासीदास-तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित कर लिया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में टाइगर रिजर्व की संख्या चार हो गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की मंत्रिपरिषद की बैठक में गुरुघासीदास - तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व गठित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है एवं इसे टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित कर लिया है।

गुरु घासीदास नेशनल पार्क को साल 2021 में टाइगर रिजर्व बनाया गया था, लेकिन इसे विरोध के कारण अस्तित्व में नहीं लाया जा सका था। इस क्षेत्र में कई खदानें होने कारण नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित करने का नोटिफिकेशन कांग्रेस शासन काल में रुका हुआ था।

पिछली सरकार के दौरान अटक गया था मामला

छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती बीजेपी सरकार ने ही गुरु घासीदास नेशनल पार्क और तमोर पिंगला सेंचुरी को मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाने का ड्राफ्ट राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) को भेजा था। जिसके बाद एनटीसीए ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व के रूप में मंजूरी दी। लेकिन कांग्रेस शासन में रिजर्व एरिया के कोल ब्लॉक, आइल ब्लॉक और मिथेन गैस ब्लॉक होने के कारण मामला अटक गया था। अब जब राज्य में पुनः भाजपा सरकार की वापसी हुई तो टाइगर रिजर्व बनने का रास्ता साफ हो गया।

गुरु घासीदास नेशनल पार्क में बढ़ेगी बाघों की संख्या

इस टाइगर रिज़र्व के गठन से बाघों की संख्या में वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि यह क्षेत्र उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। मौजूदा आंकड़ों के आधार पर, बाघों की संख्या में सुधार के लिए यह कदम आवश्यक था। नया टाइगर रिज़र्व बाघों के प्राकृतिक आवास को संरक्षित करेगा और उनकी सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

पैदा होंगे रोजबार के नए अवसर

टाइगर रिज़र्व के गठन से ईको-पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

'भय, भ्रम और अफवाह फैलाना बंद करे कांग्रेस', सलमान खुर्शीद के बयान पर भड़के अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद के बांग्लादेश को लेकर दिए बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस के लोग देश में भय, भ्रम और अफवाह फैलाने का काम बंद करें। भाजपा नेता ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। कांग्रेस नेताओं की तरफ से आने वाले बेतुके बयान पार्टी की मानसिकता दिखाते हैं।

वे देश का नुकसान कैसे करना चाहते हैं?

उन्होंने कहा, कांग्रेस के बयान दिखा रहे हैं कि वे देश का नुकसान कैसे करना चाहते हैं, भय का माहौल कैसे बनाना चाहते हैं। पार्टी को भय, भ्रम और अफवाह फैलाने का काम बंद करना चाहिए। ये वही लोग हैं, जो बाटला हाउस कांड के बाद शहीद इंस्पेक्टर एम.एल. शर्मा के पास नहीं गए, लेकिन जो लोग मरे उनके घर पर अफसोस जताने गए थे।

क्या सलमान खुर्शीद के बयान से सहमत हैं कांग्रेस?

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरा कांग्रेस से सीधा सवाल है कि क्या वह सलमान खुर्शीद के इस बयान से सहमत हैं? क्या कांग्रेस का प्रयास देश में *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

सीजीएमएससी में गड़बड़ी पर स्वास्थ्य मंत्री हुए सख्त, अब 'जेम पोर्टल' से दवाओं और उपकरणों की खरीदी का लिया फैसला

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चिकित्सा उपकरणों, दवाओं और अन्य सामग्री की खरीदी अब जेम पोर्टल से होगी। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कारपोरेशन लिमिटेड में हुई गड़बड़ी व भ्रष्टाचार को लेकर सीएजी की रिपोर्ट के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने सीजीएमएससी के संचालक मंडल की बैठक ली। इस दौरान मंत्री जायसवाल ने दवा खरीदी के पुराने अनुबंध को निरस्त कर दिया है। साथ ही अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि जेम पोर्टल से ही दवाइयां, चिकित्सा उपकरण, रीएजेंट व अन्य सामान की खरीदी की जाएगी। पोर्टल में जो सामान उपलब्ध नहीं है, उसकी खरीदी टेंडर के माध्यम से होगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, विशेष सचिव चंदन कुमार, चिकित्सा सेवा आयुक्त किरण कौशल समेत स्वास्थ्य एवं वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

हेमन्त साहू
98271-56852
94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

स्वास्थ्य मंत्री ने सीजीएमएससी संचालक मंडल की बैठक ली, जिसमें निर्माण कार्यो की वस्तुस्थिति, नए कार्यो की जानकारी, जेम पोर्टल से उपकरणों, कंज्यूमेबल तथा दवाईयों की खरीदी आदि पर चर्चा हुई। सीजीएमएससी की संचालक पद्मिनी भोई साहू ने संचालक मंडल के सामने कार्रवाई विवरण और लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

छत्तीसगढ़ में मिलेगी सभी विदेशी ब्रांड की शराबः 70 कंपनियों ने ऑफर किए रेट; शराब के 303 और बीयर के 69 ब्रांड शामिल

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की सरकारी शराब दुकानों में अब सभी विदेशी ब्रांड की शराब मिलेगी। सरकार के एफएल-10, ए,बी लाइसेंस व्यवस्था समाप्त करने के बाद स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन ने शराब निर्माता कंपनियों से शराब के रेट मंगवाए थे।

जिसमें 70 कंपनियों ने विदेशी शराब के लिए रेट ऑफर किया है। इनमें छत्तीसगढ़ समेत दूसरे राज्य की शराब बनाने वाली कंपनियां (बीआईओएस) भी शामिल हैं। इन कंपनियों ने विदेशी शराब के 303 ब्रांड और बीयर के 69 ब्रांड के रेट दिए हैं। बुधवार को हुई आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक ये जानकारी दी गई है।

सरकार ने विदेशी ब्रांड की शराब की सीधी खरीदी की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन को दी है। प्रदेश में सरकार ने में विदेशी मदिरा खरीदी एफएल-10, ए,बी लाइसेंस व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। बुधवार को बैठक में आबकारी आयुक्त आर संगीता ने विदेशी मदिरा की खरीदी से लेकर अधिकारियों की की जा रही तैयारियों समीक्षा की। *(शेष पृष्ठ 6 पर)*

राज्यसभा की 12 सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान, 3 सितंबर को होगा मतदान

नई दिल्ली। इलेक्शन कमीशन ने राज्यसभा की 12 खाली पड़ी सीटों के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव 3 सितंबर को होंगे और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 26 और 27 अगस्त है। इलेक्शन कमीशन ने शुक्रवार (7 अगस्त) को राज्यसभा की 12 रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है।

नौ राज्यों की खाली पड़ा राज्यसभा सीटों के लिए उपुचनाव होगा। वोटिंग 3 सितंबर को होगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 26 और 27 अगस्त तय की गई है। उपचुनाव के जरिए असम, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना, और ओडिशा की खाली पड़ी राज्यसभा सीटें भरी जाएंगी।

क्यों खाली हैं राज्यसभा की से सीटें

ये सभी सीटें कुछ राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल समाप्त होने वहीं कुछ सीटें राज्यसभा सांसदों के इस्तीफे की वजह से खाली हुई हैं। बता दें कि इस उपचुनाव का असर राज्यसभा में पार्टियों की संख्या बल पर पड़ेगा। इन सीटों पर चुने जाने वाले राज्यसभा सांसद अगले सत्र में और राज्यसभा की बैठकों में अहम भूमिका निभाएंगे।

9 राज्यों की राज्यसभा सीटों के लिए होंगे उपचुनाव

मौजूदा समय में असम की दो राज्यसभा सीटें खाली हैं। इनमें से एक कामाख्या प्रसाद टासा और दूसरी सर्बानंद सोनोवाल की सीट हैं। दोनों ही नेता अब लोकसभा के सदस्य चुने जा चुके हैं। बिहार से मीसा भारती की सीट खाली हैं। मीसा भारती का राज्यसभा सांसद के तौर पर *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

बजट को लोकसभा की मंजूरी, जमीन-जायदाद सौदों पर इंडेक्सेशन लाभ का विकल्प बरकरार

नयी दिल्ली। लोकसभा ने जमीन जायदाद पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर की प्रस्तावित नयी व्यवस्था में करदाताओं को राहत देने वाले संशोधन प्रस्ताव समेत कुल 45 सरकारी संशोधनों के साथ वित्त विधेयक 2024(2) को स्वीकृति प्रदान करने के साथ वर्ष 2024-25 के बजट प्रस्तावों को बुधवार को मंजूरी दे दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक में दीर्घकालीन पूंजीगत संपत्तियों (भूमि और भवन या दोनों) के हस्तांतरण/ बिक्री पर व्यक्तियों और अविभाजित हिंदू परिवार को राहत देते हुये प्रस्ताव किया कि 23 जुलाई 2024 (बजट पेश किये जाने की तिथि) से पहले खरीदी गयी जमीन जायदाद की बिक्री या हस्तांतरण पर इंडेक्सेशन (महंगाई दर समायोजन) के साथ 20 प्रतिशत या बिना इंडेक्सेशन के 12.5 प्रतिशत की दर, जिसमें कम कर दर हो उसे लागू किया जायेगा। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त संशोधन सहित कुल 45 संशोधनों को सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। इस तरह की संपत्तियों पर अब तक इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत की दर से दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ लागू होता था।

वित्त मंत्री बजट में कर की दर को 12.5 प्रतिशत करने के साथ ही 2001 की कीमत के आधार पर गणना की जाने वाली इंडेक्सेशन की सुविधा को समाप्त कर दिया था। इंडेक्सशन को बहाल रखने की संसद के अंदर और बाहर उठी मांग को ध्यान में रखते हुये वित्त मंत्री ने इस संबंध में नये संशोधन का प्रस्ताव किया था जिसके पारित होने पर अब करदाताओं के सामने दोनों विकल्प होंगे लेकिन इंडेक्सेशन के लिये अब कट ऑफ तिथि 23 जुलाई 2024 होगी।

वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुये कहा कि मोदी सरकार जनता की बातों पर ध्यान देते हुये फैसला करती है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से जमीन जायदाद की खरीद-बिक्री पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा पालिसी प्रीमियम पर 18 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवाकर (जीएसटी) को समाप्त करने की विपक्ष की मांग को महज राजनीति बताते हुये कहा कि बिना प्रीमियम पर राज्यों में कर जीएसटी लागू होने से पहले से चला आ रहा था। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जीएसटी परिषद की कई बैठकों में चर्चा हो चुकी है। वह विपक्ष की इन बातों को जीएसटी परिषद की बैठक को बतायेंगी। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को लेकर राजनीति कर रहा है विपक्ष : सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बीमा प्रीमियम पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के निर्णय पर विपक्ष को कटघरे में खड़ा करते हुए बुधवार को सवाल किया कि क्या विपक्षी दलों ने अपने-अपने शासन वाले राज्यों के वित्त मंत्रियों को इस संबंध में कोई पत्र लिखा है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 (2) पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बीमा प्रीमियम पर राज्यों द्वारा कर लगाए जाने की व्यवस्था जीएसटी से पहले से चली आ रही है और वही व्यवस्था जीएसटी में समाहित की गई है। उन्होंने कहा कि वह संसद में विपक्ष द्वारा इस विषय में कही गई बातों को जीएसटी परिषद के सामने रखेंगी, क्योंकि परिषद अपनी 31वीं, 37वीं और उसके बाद हुई अपनी बैठकों में इसको लेकर चर्चा कर चुकी है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पालिसी के नियम पर जीएसटी हटाने के मुद्दे पर वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री की चिट्ठी को लेकर श्रीमती सीतारमण ने कहा कि विपक्ष इस पर राजनीति कर रहा है। मंत्री दूसरों के ज्ञापनों पर इस तरह के पत्र लिखते रहते हैं। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*


Recognized by
Indian Nursing Council & C.G.
Nurses Registration Council
NURSING EDUCATION
B.Sc. Nursing
4 Years Course
P.B.B.Sc. Nursing
2 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
RASTOGI COLLEGE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
G.E. ROAD, TEDESARA, DIST.- RAJNANDGAON (C.G.)
www.rastoginursing.com • rcnrjn@rastoginursing.com
✆ 09300252200, 09300558500

लखोली क्षेत्र के 3 वार्ड एवं कन्हारपुरी वार्ड के लिये कर्मा भवन बैगापारा के शिविर में उमड़ी भीड़

ऑखों का नि:शुल्क जॉच, शेष वार्डो के शिविरों मे भी होगी जॉच

राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार वार्डवासियों की समस्या का निराकरण वार्ड में ही करने नगर निगम द्वारा वार्डो में लगाये जा रहे जन समस्या निवारण शिविर का लाभ लेने वार्डवासी बड़ी संख्या में आ रहे है। आज लखोली बैगा पारा कर्मा भवन में लखोली क्षेत्र के 3 वार्ड एवं कन्हापुरी वार्ड के लिये आयोजित शिविर में भीड़ उमड़ी और वार्डवासियों ने अपनी समस्या का निराकरण करने 4 सौ से अधिक आवेदन दिये तथा सौ से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसी कडी में क्रिश्चियन फेलोशिप हास्पिटल के द्वारा ऑखो का नि:शुल्क जॉच किया गया।

आज बैगापारा कर्मा भवन में वार्ड नं. 32,33,34 व 35 के लिये आयोजित शिविर में 416 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें जल विभाग के 9 आवेदनों में कन्हारपुरी में 2, लखोली में 3 नल कनेक्शन लगाने व जनता कालोनी में पानी नही आने शिकायत के 4, राशन कार्ड के 37 आवेदनों में कन्हारपुरी के 15 व लखोली के 22 आवेदन नाम जोडने व नया राशन कार्ड बनानें, स्वयं की भूमि में आवास निर्माण के लिये 22 आवेदन, बैगापारा, संतोषी नगर, लखोली, कन्हारपुरी में पट्टा के लिये 206 आवेदन प्राप्त हुये। इसी प्रकार पेंशन में 1 आवेदन वृद्धावस्था पेशन के एवं 1 आवेदन राष्ट्रीय परिवार सहायता के, राजस्व के प्रकरण में 2 लखोली व 1 कन्हारपुरी में आवारा पशु पकड़ने संबंधी, स्वास्थ्य विभाग के सफाई संबंधी 8 प्रकरण तथा लोककर्म के 64 आवेदन में 30 आवेदन लखोली अटल आवास मरम्मत एवं 34 आवेदन रोड नाली निर्माण के व अटल आवास में स्ट्रीट लाईट मरम्मत संबंधी 1 आवेदन प्राप्त हुये। साथ ही स्व रोजगार हेतु 10 हजार रूपये का ऋण लेने 3 आवेदन के अलावा, श्रमिक कार्ड पंजीयन के 12, आधार कार्ड के 19 व आयुष्मान कार्ड के 29 आवेदन तथा महिला बाल विकास संबंधी 1 आवेदन प्राप्त हुआ।

प्राप्त आवेदनों में से कुछ आवेदनों का शिविर मे ही निराकरण किया गया, जिनमें से श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड के आवेदन है। इसी प्रकार राष्ट्रीय परिवार सहायता के 1 प्रकरण में 20 हजार रूपये की राशि नहीं आने का परीक्षण किया गया, जिसमें उनके खाते में राशि आना पाया गया, जिसपर बैगापारा निवासी अंजूलता संचानिया ने अधिकारियों का धन्यवाद किया। साथ ही सफाई संबंधी आवेदनों में जनता कालोनी, बैगापारा, लखोली क्षेत्र में नाली सफाई नही होने की शिकायत पर तुरंत सफाई कर दवा का छिडकाव करने टीम को निर्देशित किया गया व क्लोरिन टेबलेट वितरण की मांग पर टेबलेट व्यवस्था कर वितरित करने कहा गया। शिविर में मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 102 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया।

ऑखों का नि:शुल्क जॉच : शिविर में ही क्रिश्चियन फेलोशिप हास्पिटल के सहयोग से ऑखों का नि:शुल्क जॉच किया गया, जिसमें मोतियाबिन्द सहित अन्य जॉच कराया गया। शेष वार्डो के लिये आयोजित शिविरों मे भी ऑखो की नि:शुल्क जॉच की जायेगी। जिसमें वार्डवासियों के ऑखो की नि:शुल्क जॉच कर चश्मा नम्बर दिया जायेगा, साथ ही वृद्धजनों के मोतियाबिन्द की नि:शुल्क जॉच कर उन्हें उपचार हेतु उचित सलाह दिया जायेगा, ताकि वे अंधत्व का शिकार होने से बच सके।

आज के शिविर का आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने जायजा लिया और उपस्थित अधिकारी कर्मचारी से कहा कि प्राप्त आवेदनों में से जिन आवेदनो का निराकरण हो सकता है उनका शिविर में ही निराकरण करे तथा शेष आवेदनों को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण हेतु कार्यवाही करे। सभी विभाग के कर्मचारी शिविर में निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। शिविर में संबंधित वार्ड के पार्षद व प्रभारी सदस्य भागचंद साहू, पार्षद मनीष साहू व महेश साहू पूर्व पार्षद श्रीमती मिथलेश्वरी वैष्णव व श्रीमती देववती साहू सहित शिविर प्रभारी अधिकारी उपायुक्त मोबिन अली, समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर, उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा तथा विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा अंतर्गत आज 8 अगस्त गुरूवार को गुरूघासीदास भवन नंदई में वार्ड नं. 39, 40, 41 व 48 के लिये एवं 9 अगस्त शुक्रवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में वार्ड नं. 42,43 व 46 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेगे।

पहला कॉलम...

पुलिस ने मोटर सायकल चोर को 24 घंटे के भीतर धर दबोचा

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मोटर सायकल चोरी के आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर धर दबोचा है। आरोपियो से चोरी की होण्डा एक्टीवा क्रमांक सीजी-08/एडी 1400 कीमत 20 हजार रूपये को जप्ती किया गया है। बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि प्रार्थी ओमप्रकाश शर्मा पिता स्व. सीताराम शर्मा उम्र 49 वर्ष नीलगिरी पार्क वार्ड नं. 23 थाना द्वारा 5 अगस्त को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह अपने ओम जनरल स्टोर्स फुरसत के पल के पास किराना सामान छोडने अपनी दुकान एक्टीवा से गया हुआ था व एक्टीवा को दुकान के सामने खड़ी कर सामान को दुकान अंदर रखने गया।

जब उन्होंने दुकान से बाहर आकर देखा तो रखे स्थान पर एक्टीवा नहीं थी। प्रार्थी द्वारा किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने शंका पर अज्ञात चोर द्वारा एक्टीवा को चोरी कर लेने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 347 /2024 धारा धारा 303(2)बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया।

जिले में अब तक औसत 774.6 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 774.6 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 25.6 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगांव तहसील में 38.4 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 15.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 21 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 10.7 मिमी, घुमका तहसील में 19.5 मिमी, छुरिया तहसील में 36.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 37.7 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 38.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

महेंद्र जंघेल को पितृ शोक



राजनांदगांव (दावा)। जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल के पिताजी नारायण लाल का आकस्मिक निधन दिनांक 7 अगस्त को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज 08 अगस्त को दोपहर 1 बजे निवास स्थान सन्नी मोटर्स चिखली से लखोली मुक्तिधाम जायेगी। वे अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए।

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 2 खेलों में
समय : 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
धर्मा प्राडक्शन कृत
किल KILL
(THIS JOURNEY IS ONE WAY)
कलाकार - राघव जुयाल, तान्या मनिक ताल, लक्ष्य अदिर सिंह, आशीष विद्यार्थी आदि।
रोजाना 2 खेल, 12 एवं 3 बजे
हण्डा
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
02nd Aug to 08th Aug 2024
Auron Mein Kahan Dum Tha - 12:30, 03:00, 06:00, 06:15 and 09:00 pm
Deadpool & Wolverine 2D - 03:30 & 09:30 pm
Ulajh - 12:15, 06:30 & 09:15 pm
Handa (C.G)- 12:00 & 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) ✆ 8085600200

paytm
book my show
silver SCREEN
ULAJH
AUGUST
हण्डा

मवेशी धरपकड़ अभियान:आज पकड़े 18 मवेशी

० मवेशी मालिकों की लापरवाही पर आयुक्त ने मवेशी घर में बांधकर रखने की अपील

० दुर्घटना से बचने व मवेशियों को बचाने, सिंग में रेडियम टेप

संस्कारधानी का वृक्षारोपण रथ

राजनांदगांव (दावा)। घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धरपकड़ अभियान में नगर निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को प्रतिदिन पकड़ने के साथ-साथ मवेशी के सिंग में रेडीयम टेप लगाने की कार्यवाही कर रही है। मवेशी धरपकड़ के तहत आज शहर के बाह्य प्रमुख मार्गो से 18 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी।

उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओं के लिये भी खतरनाक है। निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी। शासन द्वारा भी घुमन्तु पशुओं को पकड़ने एवं पशु मालिकों को अपना मवेशी घर में बांधकर रखने समझाईस देने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम द्वारा धर-पकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को समझाईस दी जा रही है, समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड देते है, उन पर अब अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा। साथ ही जिलाधीश के निर्देश पर चौक चौराहो में बैठे मवेशियों के सिंग में रेडीयम टेप लगाया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता द्वारा घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने गठित टीम प्रतिदिन चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज बाह्य प्रमुख मार्गो में राज इम्पीरियर चौक, आर.के. नगर, वर्धमान नगर, अनुपम नगर, गुरूद्वारा चौक, महावीर चौक, रेल्वे स्टेशन रोड से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 18 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है। मवेशियों को दुर्घटना से बचाने एवं नागरिकों को भी दुर्घटना से बचाने मवेशियों के सिंग में रेडियम टेप लगाने अभियान चलाया गया। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस सप्ताह पूर्व के दो दिन में 20 मवेशी पकडे गये थे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांधकर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके तहत वह प्रथम अपराध की दशा में जुर्माने से 10 रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो 50 रूपये तक का हो सकेगा और द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध की दशा में जो पिछले अपराध किये जाने के 3 वर्ष की अवधि के भीतर किया जाता है, जुर्माने से जो 25 रूपये कम नहीं होगा जो 1 सौ रूपये तक का दण्ड या कारावास जिसकी अवधि 3 माह तक की हो सकेगी अथवा दोनों दण्डों से दण्डित किया जायेगा।

पीटीएम मेगा बैठक का संकुल केन्द्र लखोली ग्राम में शानदार आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लखोली ग्राम के सभागार में प्राचार्य श्रीमती वंदना झा हायर सेकेण्ड्री स्कूल लखोली ग्राम के नेतृत्व में पालक शिक्षक की बैठक आयोजित हुई। सर्वप्रथम माँ शारदे की पूजा अर्चना के साथ बैठक का बारह एजेंडा -मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा? बच्चा बोलेगा बेझिझक, अकादमिक प्रगति/परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थी का स्वास्थ्य परीक्षण, आय जाति निवास प्रमाण पत्र, न्यौता भोज की अवधारणा, विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं/छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा आदि विषयों पर शिक्षक चैनदास साहू प्रधानपाठक, संकुल समन्वयक लुकेश साहू, राकेश कुमार सोनी उ.व.शि, सी के प्रजापति, शैलेन्द्र रूसिया ने प्रकाश डालते हुए उदाहरणों के माध्यम से लोगों को समझाया। पालकों का छात्र के साथ कर्तव्य महत्व को समझाया गया।

श्रीमती लूमन साहू प्रधान पाठक द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये उपस्थित शिक्षक पालक को शपथ दिलाया। शैलेन्द्र रूसिया सर ने व्यवसायिक शिक्षा की जानकारी दी। पत्रकार अंकालू साहू ने पालकों से आग्रह किया- शिक्षक पालक कदम से कदम मिलाकर चलेंगे तो बच्चों का विकास निश्चित है। छात्र-छात्राओं द्वारा विषयात्मक चर्चा मे शनिवार को बस्ताहीन पर अपने कलाकौशल, स्वास्थ्य जानकारी, खेल, परिसर सफाई, पठन कौशल आदि क्रियाकलाप सीखने प्रस्तुत करने सुयोग्य अवसर यह-यह विचार कु.हेमलता साहू, कामनी बांसफोड़, डाली, डिम्पल पवार, कक्षा-आठवीं लखोलीग्राम ने रखा।

एसएमसी सदस्य श्रीमती दीपिका खांडेल्कर ने बताया शिक्षक के गुण से, बच्चे में रूचि जागृत होती है। एसएमसी सदस्य निर्मल खांडेल्कर ने बताया- मैं देखता हूँ शनिवार विभिन्न कलाकौशल विकास के लिए बच्चों को विभिन्न अवसर प्राप्त होता है। एसएमसीसदस्य करिस्मा बघेल नि:शुल्क पुस्तक वितरण के लिए शासन को साधूवाद प्रेषित किया। एसएमसी सदस्य सविता साहू न्यौता भोज छात्रों में रूचि जागृत करता है। उक्त कार्यक्रम मे 25 शिक्षक, 45 पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बाजार में बिकने आया फूटू, डेढ़ हजार रूपए किलो के दाम

राजनांदगांव (दावा)। इस बार लगातार बनी रही बारिश से खेत-खार में फुटू-फुट नहीं पाया है। इससे बारिश के दिनों में भी बाजार में फुटु के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। बारिश में थोड़ा ठहराव आने के बाद शहर के बाजार में बिकने आए फुटु दिखाई पड़ने लगे हैं। बताया जाता है कि बादलों के गरजन से ही फूटू फूटता है। सो इस बार बारिश तो अच्छी हुई लेकिन ज्यादातर गर्जन-तर्जन नहीं होने से खेत-खार व मैदानी इलाको में फूटू फूटने की स्थिति बन नहीं पाई।

अब जब पिछले दो-तीन दिनों से आंशिक रूप से बारिश रूकी हुई है। तब बाजार में फूटू देखने को मिल रहा है। शहर के पुराना बस स्टैण्ड क्षेत्र, जूनी हटरी, महावीर चौक, गोल बाजार व हॉट बाजार सहित अन्य कुछ स्थानों में फूटू बिकते देखे गए। वर्तमान में इसकी कीमत डेढ़ हजार रूपए किलो बताई जा रही है। फूटू खाने के शौकिन लोग इसे खरीद भी रहे है।

बता दे कि सप्ताह भर पहले फूटू की आवक कम होने से इसकी कीमत 2 हजार रूपए तक थी। अब जब वनांचल क्षेत्रों से इसकी आवक होने लगी है वो इसकी कीमत में थोड़ी कमी आई है। डोंगरगांव क्षेत्र से फूटू लेकर शहर में बेचने आई गुलापा बाई ने बताया कि अत्यधिक बारिश की वजह से फूटू कीपैदावारी नहीं हो पाई है । बारिश रूकने के बाद फूटू हाथ लग रहा है। जिसे एकत्रित कर शहर में बेचने के लाया गया है। बाजार में इसे 100 रूपऐ जूरी व बड़ी जूटरी डेढ़ से दो सौ रूपए की बताई जा रही है। फूटू खाने के शौकिन लोग कीमत की परवाह न करते हुए खरीद भी रहे है। फिलहाल शहर में फूटू का बाजार गर्म बना हुआ है। फुटु खाने के शौकीन इसके दाम ज्यादा होने के बाद भी खरीद कर घर ले जा रहे हैं। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में जैसे- जैसे आवक बढ़ेगी इसकी कीमत में और भी कमी आएगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं........
ग्राम भोथली, तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हुबलाल पिता स्व. श्री सखाराम निवासी ग्राम भोथली तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम भोथली प.ह.नं. 08 स्थित भूमि खसरा नं. 515 रकबा 0.12 हे. में 0.10 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.10 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ- व्यवसायिक (दुकान काम्पलेक्स) प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है ।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक (दुकान काम्पलेक्स) प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 14/08/24 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं. नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 30/07/24 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालोद, जिला-बालोद

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-7-9
130-4 448-6
राजधानी
1-6-0
280-0 134-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क्रं. बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चैतीबाई ठाकुर आ. स्व. प्रेमलाल ठाकुर निवासी शहर / ग्राम मोहड़ प.ह.नं. ....तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/माता/पिता/अन्य प्रेमलाल ठाकुर आ. अगनूराम ठाकुर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 14/8/2024 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 30/7/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 30/7/2024
सुनवाई दिनांक 14/8/2024

कार्यपालिक दंडाधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला- खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.मा.क्रं....बी-121 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप यादव आ. स्व. शंकर यादव निवासी शहर/ग्राम गातापारकला प.ह.नं...... तहसील खैरागढ़ अपने पिता स्व. शंकर यादव पि. रामदयाल मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 01/08/2000 को स्थान गातापार कला पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 20/08/2024 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार दिनांक 05/08/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 05/08/24
सुनवाई दिनांक - 20/08/24

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खैरागढ़ (छ.ग.)

जनसमस्या निवारण शिविर निरंतर जारी

बालोद (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में निवास करने वाले आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिले के नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण शिविर के आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। आज नगरीय निकायों में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में नगरीय क्षेत्र के लोगों ने शिविर में उपस्थित होकर अपने मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी कर्मचारियों ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा अनेक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

-: निविदा आमंत्रण सूचना :-

निविदा क्रमांक 5 दिनांक 02.08.24

खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव जिला राजनांदगांव की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 (कार्य आदेश दिनांक से 31.03.25 तक) में अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए शासन के निर्धारित दर रू. 150.00 भर्ती सामान्य प्रति मरीज प्रतिदिन की दर एवं जे.एस.एस.के. प्रकरण के हितग्राहियों में रू. 100.00 एवं 150.00 सहित कुल 250.00 प्रतिदिन प्रति मरीजज को भोजन एवं स्वल्पाहार आपूर्ति करने के लिये महिला स्व-सहायता समूहों/ स्थानीय अलाभकारी संस्था एवं स्थानीय फर्म भोजनालय से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित किया जाता है।

उक्त आवेदन हेतु **100.00 रू.** कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी डोंगरगांव में जमा कर निविदा प्रपत्र एवं निविदा भोजन मेन्यु संबंधी निर्देश प्राप्त किया जा सकता है।

कुल व्यय - अनुमानित 05 लाख वार्षिक (15000/- का सुरक्षा निधि खण्ड चिकित्सा अधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट जमा आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है।)
निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि - दिनांक प्रकाशन दिवस से 20 वां दिन शाम 5.00 बजे तक
निविदा आवेदन जमा हो की अंतिम तिथि - प्रकाशन दिनांक से 21वां दिन दोपहर 2.00 बजे तक डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में जमा होगा। इसके पश्चात आवेदन प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
निविदा खोले जाने की अंतिम तिथि - दिनांक प्रकाशन दिवस से 21 वां दिन दोपहर 3.00 बजे पुराना चिकित्सालय डोंगरगांव अवकाश एवं आवश्यक कार्य होने पर अगले कार्य दिवस।

टीप:- निविदा से संबंधित नियम एवं शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में श्री रामशरण वैष्णव कक्ष क्रमांक 7 से प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा सामान स्थिति पाये जाने की स्थिति पर निविदा में स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूल अथवा अलाभकारी संस्था को प्राथमिकता दी जावेगी।

जी- 242501672/4

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामु. स्वा. केन्द्र, डोंगरगांव

फिर बौराई शिवनाथ नदी... छोटे पुल से आवाजाही बंद

राजनांदगांव (दावा)। पिछले दो दिनों से बारिश के रूके होने से लोगों को थोड़ी राहत तो मिली लेकिन पखवाड़े भर से लगातार हो रही बारिश के चलते जिले के नहर-नाले बांध बैराज आदि सभी लबालब हो जाने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। इधर मोंगरा जलाशय में जरूरत से ज्यादा जल भराव हो जाने से शिवनाथ फिर से उफान पर आ गया है। शहर की जीवनदायिनी नदी फिर से बौरा गई है। छलकते हुए शिवनाथ नदी को देखते शहर से लोग वहां पहुंच रहे हैं।

बता दें जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते मोंगरा बांध में जरुरत से ज्यादा जल भराव हो जाने से बीच-बीच में पानी छोड़े जाने की स्थिति बन रही है। इससे शहर की जीवन दायिनी नदी शिवनाथ एक बार फिर बौरा गई है। पानी के तेज प्रवाह में बारिश के पानी के साथ बह कर आए बड़े-बड़े पेड़ व उसकी डंगालिया एनीकट के पार में अटकी हुई देखी जा सकती है। बता दे कि बारिश के साथ नदी में बह कर आयी कचरों से गत दिनों मोहारा जल संयंत्र के इंटेकवेल मे खराबो उत्पन्न हो गई थी इससे शहर के कुछ हिस्सों में पेयजल सप्लाई बाधित हो गया था। वर्तमान में फिर से वैसी ही स्थिति बनती दिख रही है।

बताते चले कि दो दिन पहले शिवनाथ के एनीकट तक ही पानी भरा देखा गया। बुधवार को फिर से शिवनाथ में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। शिवनाथ का आट-पाट पूरा जा रहा है। दो दिन पहले नदी में कम पानी होने की वजह से छोटे पुल को लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया था। वर्तमान में शिवनाथ में फिर से बाढ़ जैसी स्थिति बनने से उक्त पुल के डूब जाने के कारण उसे सुरक्षा की दृष्टि से फिर से बंद कर दिया गया है। इससे लोगों की आवाजाही रूक गई है।

बता दे कि आषाढ़ मास में हुई लगातार बारिश से इस सीजन का कोटा लगभग पूरा हो गया है। जिले में एक जून से अब तक 800 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है जो कि एक रिकार्ड है। इधर मौसम विभाग कह रहा है कि एक-दो दिन बाद बारिश का सिस्टम और बनने वाला है। जिससे और भी अच्छी बारिश हो सकती है। ऐसे हालात में जिले के मटिया मोती, सूखा नाला, खातूटोला, रूसे जलाशय आदि सभी बौरा जाएंगे। वही मोंगरा जलाशय में अत्यधिक रूप से जल भराव होने के कारण पानी छोड़े जाने से शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ बाढ़ से कहर मचा देगी। बताते चले कि वनांचल क्षेत्र में सबसे ज्यादा बारिश होने के कारण जिले का मोंगरा बैराज में अत्यधिक रूप से जल जमाव हो गया है। इस बैराज में महाराष्ट्र क्षेत्र से भी पानी आता है जो उसकी जल भरावन क्षमता से उपर जा रहा है। यही वजह है कि वहां से जब-तब पानी छोडऩा पड़ रहा है। जिले में हुई लगातार बारिश से डोंगरगांव क्षेत्र के खातू टोला, सूखा नाला, रूसे जलाशय में 90 से 100 प्रतिशत जल भराव की स्थिति है। लगातार बारिश की बनी स्थिति से छोटे-बड़े नाले सभी उफान पर है। नदिया उफन रही है। ऐसे हालात में शिवनाथ नदी का एक बार फिर उफान में आ जाना अचरज की बात नहीं। बहरहाल नदी में घोर गरजना के साथ अथाह भरी जल राशि को देखने शहर से लोग पहुंच रहे है जिन्हें बारिश के दिनों में नदी का मनोरम दृश्य व आसपास के हरियाली से भरा वतावरण लोगों को लुभा रहा है।

बता दे कि पिछले पखवाड़े भर से लगातार हो रही बारिश से नदी नाले, जलाशयों सहित तालाबों के अलावा खेत-खार भी लबालब हो गए है। जिले सहित वनांचल क्षेत्र में हफ्ते भर पहले हुई अच्छी बारिश से खेतों में ज्यादा पानी का ठहराव हो गया है। इससे किसान चिंतित है। हालांकि धान बीते भर से ज्यादा घुटनों तक आ गया है। निराइ-गुडाई के लगभग पूरा होने से धान सनसनाते हुए बड़ रहा है। लेकिन खेतों में पानी भरे होने से धान सड़ न जाए इसकी चिंता किसानों को होने लगी है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण गंगोटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे बांग्लादेश से उपर 1.3 कि.मी. से 7.6 कि.मी. उचाई तक फैला हुआ है। मानसून द्रोणिका मध्य समद्र तल पर मध्य पाकिस्तान सीकर, ग्वालियर चर्क, पुरूलिया, कोंटाई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तरित है। इससे अभी कुछ दिनों तक प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने व गरज-चमक के साथ छीटे पडऩे की संभावना बनी हुई है। बुधवार को सुबह से ही रूक-रूक कर ही सही लेकिन सावन की हल्की झड़ी से लेकर फुहारे भी लोगों को भिगोती रही। मौसम सुहाना हो चला है। आगे भी यही स्थिति बनी रहने से मानसून पर ब्रेक का संभावना अभी दूर बताई जा रही है।

महिला के साथ बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पुलिस थाना डोंगरगांव

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र की महिला के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ ग्राम अमलीडीह के गौठान के अलावा अन्य जगहों पर बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी द्वारा घटना के संबंध में किसी को न बताने की धमकी दी थी। इससे वह डरी हुई थी। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया बाद में पीड़ित प्रार्थिया द्वारा अपने सहकर्मी के द्वारा ग्राम अमलीडीह गौठान व राजनांदगांव के लॉज मे जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर घटना के संबंध मे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर थाना अप. धारा- 376 (2) (ढ), 506 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई तत्पश्चात उनके निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना डोंगरगांव में पुलिस टीम गठित कर मुखबीर की सूचना पर आरोपी का पता तलाश कर उसे पकड़ा गया। आरोपी से पुछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये घटना के संबंध मे बताया। इस पर पुलिस द्वारा आरोपी दिनेश कुमार यादव पिता पुरनलाल यादव, उम्र- 44 साल, पता- झींका, थाना डोंगरगांव को मंगलवार 6 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का जुर्म अजमानतीय होने से उसे ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

मनेरी विद्यालय में शिक्षक पालक मेगा बैठक सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी में संकूल समग्र शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत शिक्षक पालक मेगा बैठक हुआ जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनेरी गुंगेरी नवागांव प्राथमिक विद्यालय मनेरी जामसरार कला बरगांव गनेरी गुंगेरी नवागांव ग्रामों से शिक्षक पालक की बेहतरीन उपस्थिति में हुआ बैठक में प्रमुख सरपंच श्रीमती जुगत बाई पूर्व सरपंच श्रीमती अनिता साहू जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती नरबद बाई चंद्रवंशी, पोहन साहू, जनक साहू ताराचंद साहू, कमलेश साहू, हंस दास साहू एवं संकूल अन्तर्गत ग्रामों से पालकों की बहुतायत उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की नीति उद्देश्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों पालको के लिए शिक्षण नीति के सभी महत्व एवं आवश्यकताओं को बताया गया। प्रभारी प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर संकूल प्राचार्य ए आर साहू, ने शिक्षण के उद्देश्य पालक एवं शिक्षक की भूमिका पर विश्लेषण दिया। श्रीमती पुनम जोशी प्रधान पाठक एवं श्रीमती कविता शर्मा शिक्षक गनेरी, रोमनाथ श्रीवास प्रधान पाठक पुर्व माध्यमिक विद्यालय गूंगेरी नवागांव ने भी मेगा बैठक की उपयोगिता पर अपने विचारो को रखा। धनराज मेश्राम, श्याम निकाजू, मनरखन देवांगन, पूर्णानन्द साहू, यदु जी, श्रीमती मोनिका चंद्राकर, मनीषा घरडे, पुनम द्विवेदी, सरोज पाटिल, सरस्वती सिन्हा, सुमन यादव, भुनेश्वर चंद्रवंशी, खेमलता खरे, भुनेश्वरी कोर्राम, माधव साहू, विनोद शर्मा, छत्रपति गुरू श्रीमती रमा भिमटे, शबाना हासमी, अरुंधती रत्नाकर, जागृत साहू, गुलाब देवांगन, चंदू साहू आदि शिक्षकों के साथ एसएमसी सदस्य, ग्रामीणजन सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

धीमे मूल्यांकन से सरपंच परेशान, मनरेगा टी.ए. को भी जिम्मेदारी देने की मांग

डोंगरगांव (दावा)। जनपद क्षेत्र के 76 ग्राम पंचायतों के सरपंच निर्माण कार्यों के मूल्यांकन सत्यापन को लेकर काफी परेशान हैं, इसे लेकर सरपंच संघ ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव को ज्ञापन सौंपा है। मामले को लेकर सरपंच संघ अध्यक्ष टीकाराम सोनकर ने बताया कि डोंगरगाँव जनपद क्षेत्र के 76 ग्राम पंचायत में मूल्यांकन सत्यापन के लिए मात्र 3 इंजीनियर ही कार्यरत हैं, जिसकी वजह से सरपंचों को कार्य पूर्ण होने के बावजूद काफी इंतजार करना पड़ता है, जिससे सरपंचों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, सरपंचों को चिंता यह भी है कि बारिश के मौसम की वजह से और भी देरी हो रही है और सरपंचों का कार्यकाल काफी कम बचा है। इसके लिए जनपद पंचायत डोंगरगांव में कार्यरत सभी तकनीकी सहायकों को भी निर्माण कार्य की जिम्मेदारी देने की मांग को लेकर सरपंच संघ ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा है। जिससे मूल्यांकन कार्य में तेजी आएगी और अपूर्ण कार्यों को भी पूर्णता मिलेगी जिससे सरपंचों को राहत मिल सकेगा।

पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव गढ़ी जाएगी

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के 149 संकुलों में संकुल स्तर पर पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई। बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से संकुल स्तर पर पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के माध्यम से पालकों में उनके बच्चों एवं विद्यालय के संपूर्ण गतिविधियों के संबंध में जागरूकता लाया गया, ताकि पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव गढ़ी जा सके। बैठक में पालक-शिक्षक और जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिले के 149 स्कूलों में आयोजित पालक-शिक्षक मेगा बैठक में 14 हजार 856 पालक, 1427 शिक्षक और 392 डॉक्टर, काउंसलर एवं शिक्षाविद शामिल हुए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और पालक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि पालक-शिक्षक गेगा बैठक में बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराना है, जिससे बच्चों को सतत् प्रेरणा एवं उचित मार्गदर्शन मिल सके। इसके साथ ही शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना, बच्चों की काउंसिलिंग कर उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्रॉप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना इस बैठक का उद्देश्य है। बैठक में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की आकदमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों की आयु, कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजना की जानकारी पर चर्चा सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा के लिए पालकों एवं छात्रों को अवगत कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

ओस्तवाल ने अलापा शहर के सड़कों की दुर्दशा का राग

राजनांदगांव (दावा)। बारिश के दिनों में शहर के सड़कों की हालत वाकई काफी खराब हो गई। बता दें कि शहर में कुछ दिनों पहले लाखों रुपए खर्च कर की गई सड़कों का डामरीकरण के बावजूद एक ही बारिश में उसकी परतें उखड़ गई है। जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं जिससे लोगों का चलना मुश्किल जा रहा है। इससे दुर्घटनाएं भी हो रही है। इसे देखते हुए पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने महापौर व आयुक्त को अपने घर व कार्यालयों से निकलकर नगर की खस्ताहाल सड़कों का जायजा लेने की अपील की है। ओस्तवाल ने कहा है कि यदि उक्त लगभग 10 करोड़ के सड़क डामरीकरण में यदि कमीशन का खेल नहीं हुआ है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करें और उक्त सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार को काली सूची (ब्लेक लिस्टेड) करने की हिम्मत दिखाये। क्योंकि शासन के नियमानुसार उक्त सडकों को तीन वर्षो तक मैंटेनेस ठेकेदार को करना है।

उन्होंने कलेक्टर श्री अग्रवाल से अनुरोध किया है कि शहर की सडकों की दुर्दशा को देखते हुए बरसात के तुंरत बाद नई सड़कों के डामरीकरण के कार्य हेतु कार्य योजना बनवाकर शहर के विधायक और शासन को अवगत करवाये, जिससे गणेशोत्सव पर्व, नवरात्रि, दीपावली आदि त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए चमचमाती नई सड़कों का निर्माण हो सके। जिससे शहर की जनता को आवाजाही के लिए किसी तरह की तकलीफों का सामना ना करना पड़ सके।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जेबी सिंह मेमोरियल स्कूल में कार्यक्रम

JB SINGH SIR HALL

राजनांदगांव (दावा)। कलिंगा विश्वविद्यालय में कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ओमप्रकाश देवांगन ने डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर छात्र अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के मूल सिद्धांतों, इसके अनुप्रयोगों और विभिन्न उद्योगों पर इसके प्रभाव से परिचित कराना था। इस क्षेत्र के विशेषज्ञ श्री देवांगन ने छात्रों के साथ अपने ज्ञान और अंतर्दृष्टि को साझा किया, जिसमें आज की प्रौद्योगिकी-संचालित दुनिया में एआई के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इंटरैक्टिव सत्र में मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और रोबोटिक्स जैसे विषयों को शामिल किया गया, जिससे छात्रों को एआई की क्षमता और इसके भविष्य की संभावनाओं के बारे में व्यापक समझ मिली। इस कार्यक्रम को छात्रों ने खूब सराहा, जिन्होंने एआई और इसके अनुप्रयोगों के बारे में सीखने में गहरी रुचि दिखाई। स्कूल के प्रबंधन ने युवा दिमागों को कंप्यूटर विज्ञान और एआई के क्षेत्र में खोज करने के लिए प्रेरित करने में श्री देवांगन के प्रयासों की सराहना की।

कलिंगा विश्वविद्यालय और डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की इस पहल का उद्देश्य उभरती प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता और शिक्षा को बढ़ावा देना, छात्रों को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करना है।

प्रबंधन समिति अध्यक्षा डॉ सविता जेबी सिंह,उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह ,जन्मेजय बहादुर सिंह ,श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव, सीजी बोर्ड प्राचार्या सुषमा शुक्ला, प्राचार्या एकता खंडेलवाल ने कार्यक्रम को बच्चों के लिए बहुत उपयोगी बताया है।

मामूली विवाद में तलवार निकली, जान से मारने की दी धमकी

पुलिस थाना डोंगरगांव

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव में एक मामूली विवाद ने उग्र रूप धारण कर लेने से वहां तलवारें निकल गई है। बताया जाता है कि पुलिस वहां तत्काल पहुंच कर मामले को काबू में किया और आरोपी के हाथों से तलवार जब्त कर 4 आरोपियों को हिरासत में लिया है। फिलहाल पकड़े गए चारों आरोपियों को जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है।

डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि 4 अगस्त को प्रार्थी ने थाने आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5 लोगों के द्वारा मिलकर आपसी रंजिश को लेकर बाहर के लोग बुलाकर तलवार दिखाकर हाथमुक्कों से मारपीट किया गया है जिससे उसे चोंटे आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर उक्त संबंध में धारा 296, 118, (1)190, 191(2),191(3)बीएन एस 25, 27आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में लिया गया और इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। बुधवार 7 अगस्त को जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधि. डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं उनके स्वयं के नेतृत्व मे त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियों की पता तलाश कर पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 01 नग तलवार जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी छन्नुलाल खरे पिता रामेश्वर खरे उम्र 25 वर्ष, टीकम खरे पिता रामेश्वर दास खरे उम्र 20 साल, दोनों निवासी ग्राम कोनारी। करण भारती पिता घनश्याम भारती, उम्र- 20 साल व सुखचंद भारती पिता पृथ्वीराज भारती उम्र 18 वर्ष 02 माह दोनों निवासी ग्राम बांकल, थाना लालबाग को दिनांक समय में धारा सदर का घटना कारित करना स्वीकार करने से 06 तारीख को उन्हें गिरफ्तार कर बुधवार 7 अगस्त को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना डोंगरगाव का विशेष भूमिका रही है।

रायपुर में दिव्यांगजनों द्वारा दिव्य कला शक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम 16 अगस्त से



दिव्यांग कारीगरों की उत्कृष्ट कला और शिल्प का अनुभव करें
दिव्य कला मेला
16 से 22 अगस्त 2024
बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़
आप सादर आमंत्रित हैं
सशक्त दिव्यांगजन समर्थ भारत
www.nhfdc.nic.in

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार खटिक द्वारा दिव्य कला शक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम द्वारा 16 अगस्त से 22 अगस्त तक बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजन द्वारा दिव्य कला शक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर की एकमात्र संस्था समेकित क्षेत्रीय केंद्र राजनांदगाँव द्वारा इस कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के शासकीय विशेष विद्यालय, एनजीओ, दिव्यांगजन द्वारा दिव्य कला शक्ति- सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रधानमंत्री दिव्यशा केंद्र, राष्ट्रीय वयोश्री योजना में विभिन्न सहायक उपकरण वितरण एवं सीआरसी के अन्य गतिविधियों के प्रदर्शन हेतु समन्वय किया जाएगा।

आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 22 अगस्त को दिव्यांगजन द्वारा दिव्य कला शक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुभवी कोरियोग्राफर एवं दिव्यांगजन प्रतिभागियों से व्यक्तिगत या समूह के रूप में आवेदन आमंत्रित किए गए है।

आवेदन 9 अगस्त 2024 तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ndfdc.nic.in पर अवलोकन कर सकते हैं या +91-9355726880 पर संपर्क करें। स्टॉल लगाने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीयन की जानकारी दिव्यांगजन ग्रुप, एनजीओ, हमारी सीआरसी की वेबसाइट या व्हाट्सअप ग्रुप https://chat.whatsapp.com से ले सकते हैं।

प्राचार्य तथा सदस्यगणों ने सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा व पांडातराई का किया भ्रमण

भोरमदेव मंदिर में स्थित भगवान शिव के दर्शन किए, लिया आशीर्वाद

डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के शिक्षा समिति के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष, प्राचार्य तथा सदस्यगणों ने सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा, सरस्वती शिशु मंदिर पांडातराई का भ्रमण किया। उनके विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया एवं हमारे विद्यालय के गतिविधियों का आदान प्रदान किया तथा विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए वहां के प्राचार्य शिक्षकों से विचार विमर्श किया। वहां स्थित पुस्तकालय, प्रयोगशाला कक्षाएं, प्रार्थना स्थल, खेल प्रांगण पढ़ाई लिखाई का तरीका आदि पर गहन अध्ययन और विचार विमर्श किया गया। जिससे हमारे विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जा सके। पांडातराई के सचिव अनिल दास गुप्ता एवं कवर्धा विद्यालय के व्यस्थापक हरीश लुनिया का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ, साथ ही भोरमदेव मंदिर भी जाकर भगवान शिव का दर्शन किए एवं विद्यालय के उन्नति प्रगति की कामना की है। इसमें शामिल थे सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सचिव नीलम चोपड़ा कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर, सुशील जैन, प्रभाकर राव, गिरधर, नारायण लाल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, श्रीमती मीना गिरधर, गोपाल खेमुका, विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव, जिला प्रतिनिधि राजेश ताम्रकार शामिल थे।

गोंदिया से भागलपुर के मध्य एक फेरी हेतु विशेष रेल गाड़ी की सुविधा

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे प्रशासन द्वारा रेल यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा प्रदान करने हेतु गोंदिया से भागलपुर के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इस ट्रेन के चलने से विशेषकर छत्तीसगढ़ के श्रद्वालुओं को बाबा बैद्यनाथ धाम (झारखंड) में भोलेनाथ का दर्शन करने में सुविधा होगी। ट्रेन नंबर 08893/08894 गोंदिया-भागलपुर-गोंदिया श्रावणी त्योहार स्पेशल गोंदिया से 9 अगस्त और विपरीत दिशा में भागलपुर से 10 अगस्त को चलेगी। इस ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तहत डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, बिलासपुर, अकलतरा, चांपा, बाराद्वार, शक्ति, खरसिया, रायगढ़, ब्रजराजनगर में दिया गया है।

गाडी क्र.08893 स्पेशल ट्रेन 09.08.2024 को गोंदिया से 11.20 बजे प्रस्थान कर, मंडल के प्रमुख स्टेशन डोंगरगढ़-12.16/12.18, राजनांदगाँव 12.40/12.42, दुर्ग.13.20/13.25, रायपुर-14/14.05, तिल्दा-14.33/14.35, भाटापारा.14.58/15.00, बिलासपुर-15.55/16.10 आगमन/प्रस्थान कर 10 अगस्त को भागलपुर दोपहर 12.35 बजे पहुंचेगी।

इसी तरह से विपरीत दिशा में गाडी क्र. 08894 स्पेशल ट्रेन भागलपुर से 10 अगस्त को 13.35 को प्रस्थान कर, बिलासपर 10.45/11.00, भाटापारा 11.01/ 11.03, तिल्दा 12.03/ 12.05, रायपुर 12.40/ 12.45, दुर्ग13.50/13.55, राजनांदगाँव 14.16/14.18, डोंगरगढ़ 14.41/14.43 आगमन/प्रस्थान कर 11 अगस्त को गोंदिया शाम 16.20 बजे पहुंचेगी।

द्वितीय अवसर परीक्षा 2024 अंतर्गत कक्षा 12वीं गणित एवं गृह विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी द्वितीय अवसर परीक्षा 2024 अंतर्गत आज कक्षा 12वीं गणित व गृह विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कुल दर्ज संख्या 145 में से 131 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव श्रीमती भारती आहूजा एवं दल द्वारा महरानी लक्ष्मी बाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव, महंत राजा बलरामदास शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय (स्टेट स्कूल) राजनांदगांव, प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ श्रीमती वीरेन्द्र कौर गरचा द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगढ़ एवं क्षितिज सोरी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगांव का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिले में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

अनमोल दावा

> *जिनकी बुद्धि अनेक शाखाओं में विभाजित रहती है वो अपने लक्ष्य को कभी प्राप्त नहीं कर पाते।*

मणिपुर हिंसा एक वर्ष से जारी, घर जलने और विस्थापित लोगों को आंकड़ा आया सामने

मणिपुर में आज कुकी-जो और मैतेई सहित अलग-अलग समुदायों के बीच अविश्वास का स्तर इतना गहरा हो चुका है कि संवाद की गुंजाइश बेहद सिमट या खत्म हो गई है।

मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के एक वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं और आज भी इसके रुकने के आसार नहीं नजर आ रहे हैं। थोड़े अंतराल के बाद संबंधित संगठनों के बीच बातचीत या समझौते की कोई खबर आती है और कुछ ही दिनों बाद फिर से हिंसा भड़क जाती है। सवाल है कि इतने समय से सरकार किस दिशा में क्या काम कर रही हैं कि एक छोटे से राज्य में इतने लंबे वक्त से टकराव और हिंसा कायम है।

विचित्र हकीकत यह है कि राज्य सरकार आधिकारिक रूप से यह स्वीकार करती है कि हालात अच्छे नहीं हैं, मगर इसमें सुधार के लिए या तो उसे ठोस पहल करना जरूरी नहीं लगता या फिर उसके पास दूरदर्शिता का घोर अभाव है। वरना राज्य सरकार की तमाम एजंसियों, केंद्र सरकार के प्रयासों, सेना की दखल के बावजूद आज भी हिंसा का दौर जारी है, लोग बेघर हो रहे हैं तो इसकी क्या वजह हो सकती है?

विचित्र यह है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को जहां इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि राज्य में लगातार हिंसा को रोक पाने में उनकी सरकार नाकाम रही है, वहां वे राज्य में इस जातीय हिंसा की वजह से हुई तबाही के सिर्फ आंकड़े पेश कर रहे हैं। गौरतलब है कि एक सवाल के जवाब में सोमवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री ने यह बताया कि राज्य में हुई हिंसा में अब तक करीब साठ हजार लोग विस्थापित हुए हैं और इस दौरान हुई आगजनी में ग्यारह हजार से ज्यादा घर जल कर खाक हो गए।

यह समझना मुश्किल है कि एक वर्ष से ज्यादा से जारी हिंसा के पीड़ितों का आंकड़ा पेश करते हुए उन्हें इसका अहसास था या नहीं कि हिंसा को पूरी तरह रोकना उनका दायित्व है। मगर पिछले वर्ष जब एक अदालती निर्देश के तहत मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग का दर्जा देने का मसला उठा तभी जातीय हिंसा शुरू हुई। तब भी उनकी सरकार के पास इसे वहीं थाम लेने की दूरदर्शिता नहीं दिखी और न आज वह कुछ ऐसा ठोस कर पा रही है, जिससे राज्य के आम लोग इस आग से बाहर निकल सकें।यह जगजाहिर तथ्य है कि मणिपुर में आज कुकी-जो और मैतेई सहित अलग-अलग समुदायों के बीच अविश्वास का स्तर इतना गहरा हो चुका है कि संवाद की गुंजाइश बेहद सिमट या खत्म हो गई है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ ही दिन पहले राज्य के जिरीबाम जिले में शांति बहाल करने के लिए हमार और मैतेई प्रतिनिधियों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए। मगर सिर्फ चौबीस घंटे के भीतर वह समझौता टूट गया और इसके साथ ही फिर से हिंसा शुरू हो गई।

इससे पहले राज्य और केंद्र की सरकारों की ओर से सुरक्षा बलों को उतारने से लेकर शांति समितियां बनाने जैसी पहलकदमियों की घोषणाएं हो चुकी हैं। मगर यह एक अफसोसनाक हकीकत है कि किसी भी सरकारी कवायद का अब तक कोई सकारात्मक हासिल सामने नहीं दिख रहा है। आज भी वहां हिंसा की वही आग जारी है, जो एक नीतिगत अदूरदर्शिता की वजह से भड़की थी। हैरानी की बात यह है कि इस बीच सरकार के रवैए में कोई बहुत ज्यादा फर्क आता नहीं दिख रहा, ताकि नए सिरे से हिंसा थमने या समस्या का कोई हल निकलने की उम्मीद जगे। तबाही के आंकड़े पेश करने के समांतर यह जरूरी है कि इस हालत के लिए अपनी नाकामी को भी स्वीकार किया जाए और कम से कम अब भी राज्य में उलझ चुकी इस जटिल समस्या का हल निकाला जाए।

पड़ोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता

-ललित गर्ग-

भारत के पड़ोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं? यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है? क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है? पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा?

इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है। हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था।

मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौरे से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है।

भारतीय उपमहाद्वीप के मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भुटान और श्रीलंका के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को दुनिया चुपचाप सब देख रही है, वहीं भारत इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है, क्योंकि बांग्लादेश की घटनाओं का उस पर सीधा असर होगा। भारत शांति कायम रखने एवं पडोसी देशों से मित्रता कायम रखने के अपने संकल्पों एवं रणनीतियों के लिए इन देशों पर भरोसा नहीं कर सकता। हमारे ईर्द-गिर्द मची उथलपुथल, अस्थिरता एवं अराजकता हमारे वैश्विक एजेंडे को भी बाधित करती है। भारत की आबादी 1.4 अरब है। उसके सभी पड़ोसियों की कुल आबादी 50 करोड़ है। अर्थव्यवस्था के साथ भी ऐसा ही है। भारत की जीडीपी तीन ट्रिलियन डॉलर है। बाकी सब मिलाकर लगभग एक ट्रिलियन हैं। भारत समर्थ है, शक्ति सम्पन्न है, दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, इसलिये उसे अधिक बलों की तैनाती, अधिक रक्षा खर्च और सीमाओं पर अधिक बुनियादी ढांचों का निर्माण करना होगा। क्योंकि भारत के सभी पडोसी देशों पर चीन का दबदबा है और उसके दबाव में भारत के लिये कभी भी संकट बन सकते हैं।

बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भारत की सतर्कता, विवेक एवं समझदारी सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पडोसी देशों में उत्पन्न हालातों पर समझ एवं संयम से कदम उठाती रही है। बांग्लादेश की तख्तापलट घटनाओं पर भी उसने पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई, विपक्षी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ अपनी बात रखी। ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर सर्वसम्मति बनना जीवंत लोकतंत्र का प्रमाण है। ऐसा अनुकरणीय उदाहरण पडोसी देशों में न मिलना ही उनकी अस्थिरता एवं अराजकता का बड़ा कारण है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी स्थिति कतई नहीं बननी चाहिए कि जहां राजनीतिक दलों के बीच दूरियां इस कदर बढ़ जायें कि फौज का दखल देना पड़े या पडोसी देश अपनी स्वार्थों की रोटियां संेकने में सफल हो जाये। भारत के पडोसी देशों के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी।

इन पड़ोसी देशों के नेता दो तरह के हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो सभी पडोसी देश मिलकर विश्व में एक बड़ी ताकत बन सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इन पडोसी देशों के स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने की अपेक्षा है। भारत इस स्थिति में है, उसे मनोबल के साथ पडोसी देशों में स्थिरता, शांति, लोकतंत्र एवं आपसी समझ की ज्योत जलाने के लिये तत्पर रहना चाहिए, जो उन देशों के साथ भारत के लिये भी जरूरी है।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोनः 22727486 मो. 9811051133

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम - 226 : श्री राम ने कहा, वनवास मेरे लिए दंड नहीं, बल्कि जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

राजा दशरथ ने कहा, ''वह अनुभव एक अलग उद्देश्य के लिए था पुत्र। यह तो तुम्हें मेरे हाथों से राजदंड देना हो गया।''

श्री राम ने कहा, ''नहीं पिताजी! वस्तुतः आप मुझे भी राजपद ही दे रहे हैं। वन में 14 वर्षों तक निवास करना और वहां के लोगों की सेवा करना यह किसी राजकुमार का सबसे बड़ा कर्तव्य होना चाहिए, तो यह राजपद ही हुआ न? आर्यावर्त में वन प्रांतर का विस्तार अयोध्या से कई गुना अधिक भूमि पर है पिताजी। आप यह समझिए कि आप मुझे वन क्षेत्र में अयोध्या राज्य की ओर से एक गुरुत्व उत्तरदायित्व देकर भेज रहे हैं। आप इसे मेरा निर्वासन या दंड न समझें। मैं इसे अपने जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार मानता हूं।''

राजा दशरथ अर्ध मूर्छा में हैं, लेकिन पुत्र के उच्च विचारों को सुनकर किंचित चैतन्य और प्रसन्न हो गए। यह श्री राम हैं जो जीवन की इतनी प्रतिकूल परिस्थिति को भी सहर्ष स्वीकार कर रहे हैं और उसमें भी जनकल्याण के लिए एक बड़ा अवसर और आत्म - आनंद ढूंढ रहे हैं।

रानी ने कहा, ''तुम पिता की आज्ञा का पालन करने को तत्पर होकर एक श्रेष्ठ उदाहरण रख रहे हो राम! मेरे ये दो वर महाराज को उनकी पूर्व वचनबद्धता से मुक्त करने के लिए है। इसमें जनकल्याण भी है। क्योंकि वन क्षेत्र में तुम्हें लंबे समय तक निवास करना है। अतः राजकीय सुविधाओं का आश्रय न लेना पड़े, इसलिए मैंने तुम्हें वल्कल धारण कर वन की ओर प्रस्थान करने के लिए कहा है।''

''उचित कहा छोटी माता! आपकी इच्छा के अनुरूप पिताश्री की आज्ञा मेरे लिए शिरोधार्य है माता! यह मेरा सौभाग्य है। पिताश्री! मैं आपसे वन जाने की अनुमति चाहता हूं। फिर मैं केवल 14 वर्षों के लिए ही वन जा रहा हूं। इसके बाद आपकी स्नेह छाया प्राप्त करने के लिए अयोध्या में अविलंब उपस्थित हो जाऊंगा।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -142

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 141 का हल

ज	ल	■	आ	वा	जा	ही	■	■
मा	■	खु	ब	■	दू	र	स्थ	■
ना	दा	न	■	सा	ग	■	ल	क्ष्य
■	न	ख	■	त	र	ल	■	■
■	वी	रा	न	■	■	च	ट	क
■	र	ब	■	आ	ज	क	ल	■
■	■	■	आ	ग	■	दा	ना	■
■	अ	ग	र	म	ग	र	■	क्रो
भा	भी	■	ती	न	■	■	व	ध

सामयिक चर्चा

शब्द में बड़ी शक्ति होती है

अखबार पढ़कर मुग्ध होकर
बानी बोले- गजाधर!
सन्त ऋषभ सागर ने क्या सुन्दर बात कही है-
सुनिए- शब्द ऐसे हो
जो जोड़ने में सहायक है
तोड़ने में नहीं।
गजाधर बोले मुस्कराकर- शब्द से तो पता चलता है
कि आदमी का चरित्र कैसा हैं।
वह परोपकारी है कि........ जैसा है।
जो आदमी रहता है मौन
तो उसे समझना मुश्किल होता है
कि उसका विचार कैसा है,
उसका स्वभाव कैसा है, वह है कौन?
अच्छा बुरे की पहचान भी
उसके शब्दों का बोलने से होती है
शब्द में ही बड़ी शक्ति होती है
इसीलिए बानी संतों ने कहा है
सबद सम्हारे बोलिए सबद के हाथ न पॉव
एक सबद औषधि करें एक सबद करें घाव!

गिरीश बख्शी

कविता

पारिस्थितिक तंत्र जैविक एवं अजैविक घटकों में प्राकृतिक क्रियाएँ हैं,

पोषक पदार्थो का चक्रण एवं प्रकृति द्वारा पारिस्थितिक, संतुलन है,
जीवधारी का वातावरण उसका पर्यावरण होता है,
पर्यावरण का शाब्दिक अर्थ है चारों ओर।
पर्यावरण का कारक हैं- प्रकाश, ताप, मिट्टी, जल वायु,
जीवों का जीवन पर्यावरण के बिना असंभव है,
प्रत्येक जीव के पारिस्थितिक तंत्र में जैविक
एवं अजैविक घटक होते हैं,
जीवाणु एवं कवक पारिस्थितिक तंत्रों के प्रमुख अपघटक।
मृत पेड़ पौधों एवं जंतुओं के अकार्बनिक पदार्थो का अपघटन,
सरल यौगिकों में परिवर्तन जीवों को कहते हैं अपघटक,
जैविक घटकों की परिस्थितियों का योग कहलाता है पर्यावरण,
पारिस्थितिक तंत्र के दो समूह-अजैविक कारक, जैविक कारक,
अजैविक कारक-वायु, जल, प्रकाश, तापक्रम, मृदा, स्थलाकृति,
जैविक कारक-पेड़-पौधों एवं जन्तुओं को किया गया है सम्मिलित।
न करें इको सिस्टम को प्रदूषित, एक वृक्ष लगाएँ माँ के नाम,
पारिस्थितिक का होता है निर्माण प्रकृति के द्वारा,
याद रखें-इक्कीस प्रतिशत ऑक्सिजन
और है 78प्रतिशत नाइट्रोजन एवं एक प्रतिशत अन्य गैस है
पर्यावरण प्रदूषण के कारण
पारिस्थितिक असंतुलन, कृषि एवं
आवासीय भूमि की कमी होना,
वनों, पेट्रोलियम पदार्थो, कोयला ईंधन की
कमी होना। खाद्य समस्या उत्पन्न होना,
संसाधनों की कमी। जनसंख्या
में वृद्धि,-औद्योगिक प्रदूषण-जल
का प्रदूषित होना।



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़
9424129646

राशिफल

मेष

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अगर आप एक स्टूडेंट हैं तो आपके लिए एक खुशखबरी है कि आज आपको करियर से रिलेटेड कोई शुभ सूचना मिल सकती है। कॉलेज में आपकी एक्टिविटी से आपके दोस्त खुश होंगे। आज आप शाम का समय किसी व्यक्ति से मिलेंगे।

वृषभ

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह भी सकता है। जो लोग आपको अभी तक ताना दे रहे थे आज उनको कुछ कर दिखाने का दिन है, आप जिस भी काम को कर्नेगे उसमे आपको सफलता के योग बन रहे हैं।

मिथुन

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क

आज का दिन आपके लिए समान्य रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी।

सिंह

आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

कन्या

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है।आज का दिन आपके फेवर में रहने से आपको खुशी होगी जिस काम का रिजल्ट अभी तक आपको निराश कर रहा था उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी संतान को खुश देखकर आपको भी खुशी होगी। खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा।

तुला

आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी मिलेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है। बिजनेस के सारे रुके हुए कामों को आज आप पूरा कर लेंगे, आपकी टेंशन कम होगी।



वृश्चिक

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ़ होगी। सोशल मीडिया से जुड़कर लोग अपनी अलग पहचान बनाएंगे।

धनु

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आपको माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं।

मकर

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से बातचीत करके खुशी मिलेगी साथ ही आप कुछ नया भी सीखने को पाएंगे। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे।

कुंभ

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा.. आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज किसी को दिए पैसे आपको मिल जायेंगे इससे आपको आर्थिक सपोर्ट मिलेगा, साथ ही आप कुछ नया खरीदने का विचार करेंगे।

मीन

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज किसी काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी।

खूबचंद पारख सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने जिजित्सु मार्शल आर्ट खिलाड़ियों से की चर्चा, बढ़ाया उत्साह

डोंगरगढ़ (दावा)। वर्ष 2024 अक्टूबर में होने वाले ग्रीस यूरोप में वर्ल्ड जुजित्सु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की होनहार खिलाड़ी कुमारी वसुंधरा सिंह का चयन होने पर डोंगरगढ़ उनके निवास स्थान पर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख व राजनांदगांव जिले के वरिष्ठ समाजसेवी दामोदर मुंदडा, पारख ने न सिर्फ वसुंधरा को बधाई दी बल्कि उन्होंने कहा कि आप प्रदेश का नाम रौशन जरूर करे साथ वो राजनांदगांव से खुद स्वयं इसलिए आए है ताकि आपके उत्साह में कमी न आने पाए।

- ग्रीस यूरोप में वर्ल्ड जुजित्सु मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में भाग लेंगी खिलाड़ी वसुंधरा सिंह
- खिलाड़ियों का सम्मान करेगी मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति - मनोज अग्रवाल अध्यक्ष

जिस पर खिलाड़ी वसुंधरा ने चर्चा के दौरान कहा कि लगातार जब से मेरा चयन अंतर्राष्ट्रीय खेल में हुआ है तब से ही जिले प्रदेश स्तर के सम्मानित जनप्रतिनिधियों से लगातार मेल जोल हो रहा है सभी की शुभकामनाएं लगातार मिल रही अब मेरी जवाबदारी सभी की आशाओं के कारण और अधिक बढ़ भी गई है, कि मुझे अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करके डोंगरगढ़ सहित राजनांदगांव जिले के साथ छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करना है।

श्री पारख व मुंदडा ने खिलाड़ियों से जिजित्सु खेल के बारे में बहुत सारगर्भित चर्चा की,किस तरह से यह खेल खेला जाता है। जिस पर प्रदेश महासचिव अजय राणा व जिला अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी ने जिला सचिव तरुण वरकड़े को निर्देशित कर खेल का लाइव डेमो की व्यवस्था तुरंत तैयार करने कहा।

खेल में प्रतिभावान खिलाड़ियों को देख श्री पारख ने इस खेल की कमियों को जानने का प्रयास किया और जिला संघ के पदाधिकारियों को आश्वासत किया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से चर्चा कर खिलाड़ियों की सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि आने वाले समय मे इस खेल से अधिक से अधिक पदक आ सके। श्री पारख के साथ माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, जिला भाजपा के प्रकाश चौरड़िया, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, समाजसेवी सत्यनारायण डागा, सुशील महेश्वरी, सुनील मुदडा भी उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ी वसुंधरा को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समाजसेवी दामोदर दास मुदड़ा ने जिला स्तर के आयोजन में अपने सहयोग की बात कही।

खिलाड़ियों का सम्मान करेगी ट्रस्ट समिति - मनोज अग्रवाल

बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने जिला अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी से चर्चा कर कहाँ की नगर के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों की लिस्ट तैयार कर जल्द ही समिति को सौंपे जिस से समिति की ओर से सभी नेशलन चैपियनशिप विजेता खिलाड़ियों का सम्मान माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट सीमिति की ओर से किया जायेगा। जिससे खिलाड़ियों को उत्साहित कर उनकी प्रतिभा को समाज के समुख उचित स्थान मिल सकेगा और नए खिलाड़ियों को प्रेरणा मिल पाएगी की नगर में किस तरह से खिलाड़ियो का सम्मान होता है जिससे लोगो की खेल की प्रति रुचि बढ़ेगी।

आसरा में संकुल स्तरीय शिक्षक पालक मेगा सम्मेलन का आयोजन

डोंगरगांव(दावा)। ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसरा में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा सम्मेलन आयोजित किया गया, संकुल प्राचार्य आर.के.तारम, संकुल समन्वयक डी.आर.शांडिल्य, सरपंच अहिल्या पंचारी एवं गीता वैष्णव उपसरपंच ग्राम पंचायत आसरा, नोडल अधिकारी एन.के.साहू ईई सीएपीडीएल डोंगरगढ़ तथा एबीईओ क्षितिज सोरी डोंगरगांव की गरिमामय उपस्थिति में इस आयोजन का शुभारंभ हुआ, इस दौरान शासन की मंशानुरूप शैक्षिक गतिविधियों को लेकर शिक्षक एवं पालकों का एक दूसरे से सीधा संवाद हुआ, जिसमें शासन के द्वारा तय मुद्दे बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक कदम है। विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालकों अवगत कराया गया तथा पालकों से भी उचित मार्ग दर्शन लिया गया।

इस कार्यक्रम से शिक्षक पालकों के संयुक्त संवाद से बच्चों की पढ़ाई में सकारात्मक विकास हेतु नोडल शिक्षक आई.एल.निषाद द्वारा दीक्षा एप्प, ई-जादुई पिटारा, ई-लाइब्रेरी पर पालकों को जानकारी दी गयी। जिस पर पालकों द्वारा प्रतिदिन विद्यालय में दिये गये कार्य एवं घर में पढ़ने नोडल बच्चों को प्रेरित करने का आश्वासन दिया गया, इस मेगा शिक्षक पालक सम्मेलन में मुख्य रूप से संकुल अंतर्गत सांगिनकछार, आसरा, अड़ाम एवं बम्हनीभांठा के शिक्षक एवं पालकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम में आभार महिमा रंजन व्याख्याता व्दारा किया गया तथा कुशल मंच संचालन दिनेश कुमार सहायक शिक्षक आसरा ने किया।

सेवानिवृत्ति पर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रूपेंद्र का किया गया सम्मान

डोंगरगढ़(दावा)। नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य डॉ. रूपेंद्र सिंह को उनकी सेवानिवृत्ति पर रविवार को पीटीसी पालक ने सम्मान समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सिंह ने नवोदय विद्यालय के चार प्रमुख स्तंभ में विद्यालय, शिक्षक, विद्यार्थी और पालक की कर्तव्य, कार्य उत्तर दायित्व और परस्पर समन्वय को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक और पालकों ने प्राचार्य की कार्यशैली की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीना दास साहू, वंदना चौरे जीवीएमसी सदस्य ने किया। कार्यक्रम में आईएल पटेल, टीपी दुबे, एचएल गजभिए, के डेहरिया, वीबिलावर, केआर साहू, जेआर देवांगन, टी चौरे, पी पटेल, वाय.के. कौशिक, केसी डोंगरे, के साहू, टी. पटेल, यू नंदा, एस गजभिए, जी साहू आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. सिंह को शॉल, श्रीफल तथा मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसके नंदा व आभार प्रदर्शन एचएल गजभिए ने किया।

तिरंगा यात्रा को लेकर आज भाजपा की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आव्हान पर पूरे देशभर में हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर जिला भाजपा भी मंडल से लेकर शक्ति केन्द्रों व बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है, इसके लिए बूथ स्तर पर कार्य योजना बनाई जा रही है। इसे लेकर पार्टी की जिला स्तर पर एक बैठक आज दिनांक 08 अगस्त को सुबह 11.00 बजे जिला भाजपा कार्यालय जी.ई.रोड में आयोजित की गई है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हर-घर तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक मूलचंद लोधी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बैठक में हर-घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर बनाई गई कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जायेगा। इस बैठक में जिला भाजपा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष व महामंत्री एवं जिला पदाधिकारी तथा तिरंगा यात्रा की जिला टीम, तिरंगा यात्रा की मंडल टीम व विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के जिला संयोजक एवं सहसंयोजकों को बुलाया गया है।

शिक्षक पालक मेगा सम्मेलन खुज्जी में सम्पन्न

जोंधरा (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में संकुल स्तरीय शिक्षक पालक मेघा सम्मेलन शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला खुज्जी में दिनांक 06.08.2024 को संपन्न हुआ। सम्मेलन में 11 शालाओं के प्रतिनिधि पालक एवं शिक्षक शामिल हुए। सम्मेलन का शुभारंभ विद्यादेवी की पूजा अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संकुल प्राचार्य गुमान सिंह साहू ने शिक्षक पालक सम्मेलन के बारे में विस्तार चर्चा की। सम्मेलन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सोनाली पंसारी की उपस्थिति रही। वही उपसरपंच अक्षय देवांगन, संकुल समन्वयक विजय जैन, नोडल व्याख्याता महेश ठाकुर, श्रीमती सुषमा उके, माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक पर्यवेक्षक उपयंत्री वाई.एस. कतलम, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव एवं हायर सेकेंडरी के सभी व्याख्याता, माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षक गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शालाओं के पालकगण कुल मिलाकर लगभग 100 लोगों की उपस्थित उक्त सम्मेलन में रही।

संकुल प्राचार्य गुमान साहू ने छात्रों के शैक्षिक उन्नति, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर निर्माण से संबंधित शासन द्वारा निर्देशित 12 बिंदुओं की समीक्षा पालकों के समक्ष किया। शासन द्वारा निर्देशित 12 बिंदुओं के अंतर्गत घर में छात्रों के पढ़ने का एक निश्चित स्थान जिसे मेरा कोना कहा गया है, छात्रों की व्यवस्थित दिनचर्या, पुस्तक कॉपियों की उपलब्धता, बच्चों की अभिव्यक्ति क्षमता का विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण आहार की उपलब्धता, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, छात्रवृति एवं अन्य विभागीय योजनाएं विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग से छात्रों के शैक्षिक उन्नति, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर निर्माण के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उपस्थित पालकों से भी शिकायत एवं सुझाव आमंत्रित किए गए। जिसमें भटगुना से पालक मोहन साहू एवं खुज्जी से वसीम खान ने बैठक में अपने सुझाव रखें। सरपंच श्रीमती सोनाली पंसारी ने भी अपने विचार उक्त सम्मेलन में रखते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में खेती किसानी के परिवेश के कारण बच्चों के प्रति जागरूकता की कमी पाई जाती है। पालक बच्चों के दिनचर्या पर नजर नहीं रख पाते, स्कूल में बच्चों के शैक्षिक प्रगति का भी अवलोकन नहीं कर पाते हैं। इन तमाम कारणों का प्रभाव बच्चों के शैक्षिक उपलब्धियों पर पड़ता है। इसलिए पालकों से आग्रह किया गया कि वे बच्चों के दिनचर्या और उनके शैक्षिक उपलब्धियां पर हमेशा निगरानी रखें तभी बच्चों का समुचित विकास संभव है। वही उप सरपंच अक्षय देवांगन ने भी पालकों से संवाद करते हुए कहा कि शासन की इस पहल से पालक और शिक्षकों को बच्चों के विकास हेतु अच्छा अवसर मिलेगा। उक्त सम्मेलन में शिक्षकों एवं पालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पालकों का अच्छा उत्साह देखा गया।

एक राखी सैनिकों के नाम, महिला मोर्चा ने किया 2 हजार राखी का संग्रहण

गंडई पंडरिया (दावा)। भाई बहन की अटूट विश्वास व स्नेह का पर्व रक्षाबंधन पर एक राखी वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय खैरागढ़ में 05 अगस्त सोमवार को किया गया। विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक राखी बनाकर सहभागिता प्रदान की है सबने स्वेच्छा अनुदान एक लिफाफे में रक्षा सूत्र एवं अपने आंगन की थोड़ी सी मिट्टी को लिफाफे में पैक कर अपने नाम पता मोबाइल नंबर सहित भाजपा महिला मोर्चा को लाकर दिया है, उनके द्वारा प्रदत्त रक्षासूत्र मातृभूमि की सुरक्षा के लिए विभिन्न सीमावर्ती एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात ऐसी जवान जो इस पवित्र पर्व पर अपने घर अपनी बहनों के बीच नहीं पहुंच पाते ऐसे जाबाज सैनिक भाइयों के लिए भेजा जाएगा।

इस कलेक्शन हुए राखी को सोमवार 5 अगस्त को महिला मोर्चा की टीम ने गंडई नगर के निजी एवं सरकारी स्कूलों से संग्रहण कर जिला स्तर खैरागढ़ में जमा किया गया, उन्होंने इस मौके पर बिलासपुर के रिटायर्ड फौजी महेंद्र प्रताप राणा के पास जमा किया गया है एवं स्वयं उनको रक्षा सूत्र राखी भी बांधी है इस दौरान महिला मोर्चा गंडई मंडल अध्यक्ष उमा चौबे, मंडल महामंत्री सोनिया दुबे, अंजलि देवांगन, आशा कुर्रे, अमेरिका यादव, भारती तिवारी, छाया नामदेव, सहित महिला मोर्चा की टीम उपस्थित रही।

संकुल स्तरीय पालक शिक्षा मेगा बैठक में शामिल हुई जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव

विधिक साक्षरता शिविर

छुरिया (दावा)। संकुल स्त्रोत केन्द्र चिचोला में संकुल स्तरीय पालक शिक्षा मेगा बैठक का आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई।

श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने पालकों से आवाहन किया कि बच्चों के प्रतिदिन गतिविधियों के बारे में बच्चों से चर्चा करें तथा पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित करें और अपने बच्चों के ऊपर ध्यान दे की वो स्कूल जा रहे है या फिर कही और क्यूंकि यही बच्चें देश के आने वाले भविष्य है इन्ही को हमारे देश की हमारे समाज की बागडोर सम्भालनी है वो अगर सही दिशा में जा रहे है तो निश्चित ही हमारा देश भी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा शिक्षा एक प्रक्रिया है जो कि ज्ञान प्राप्ति, विद्या प्राप्ति आदि को सुगम बनाती है। शिक्षा व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमता तथा उसके व्यक्तित्व का विकसित करने वाली प्रक्रिया है। यही प्रक्रिया उसे समाज में एक वयस्क की भूमिका निभाने के लिए समाजीकृत करती है तथा समाज के सदस्य एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए व्यक्ति को आवश्यक ज्ञान तथा कौशल उपलब्ध कराती है। इस कार्यक्रम में स्वस्थ विभाग पशु विभाग जिला विधिक सेवा आयोग और अन्य विभागीय जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर श्रीमति संगीता यादव मंडल मंत्री खिलेंद्र साहू, समाजसेवी एच.के.रात्रे विधिक सेवा आयोग के सचिव शिवकरण वर्मा अधिवक्ता, प्राचार्य सी.पी.जोशी ऊ मा शाला चिचोला, आशराम कवर जनपद पंचायत, आतिश सिन्हा सरपंच छुरिया, श्रीमति उपासना चंद्राकर, सोमेंद्र खरे, राकेश गुप्ता, पीडब्ल्यूडी विभाग श्री कांडे, मोहित साहू सभी शिक्षक पालक और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ग्राम धोधा में हुआ संकुल स्तरीय पेरेंट्स टीचर बैठक संपन्न

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के नजदीकी ग्राम धोधा के हायर सेकेंड्री स्कुल प्रांगण में मंगलवार 06 अगस्त को पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया था, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गंडई तहसीलदार प्रीति लारोकर, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजू जंघेल, दुजेराम वर्मा संकुल समन्वयक रामसुख निषाद उपस्थित रहे, वही बतौर अतिथि के रूप में प्राचार्य दुर्जन जंघेल, जनभागीदारी सदस्य योगेंद्र कौशिक, रामरतन साहू, लालाराम वर्मा, लखन कौशिक उपस्थित रहे।

वही कार्यक्रम में पालक और शिक्षक दोनों ने अपने अपने विचार रखे, कार्यक्रम में प्राचार्य दुर्जन जंघेल ने कहा की स्कुल शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा उक्त आयोजन के लिए निर्देश प्राप्त हुआ था, इस कार्यक्रम में छात्रों का सर्वांगनीय विकास के लिए पालक सम्मेलन का आयोजन होना चाहिए, बच्चों के प्रति जितनी जवाबदारी शिक्षक की है उतनी ही पालकों की भी है, आप अपने बच्चों को आवश्यक होने पर ही मोबाइल देवें लेकिन साथ ही उन पर निगरानी भी रखें ताकि वह किसी भी सुख सुविधा का दुरुपयोग ना कर सकें। कार्यक्रम में शिक्षक जयप्रकाश नारायण श्रीवास्तव, डोमन साहू, शेषनारायण साहू, प्रभाकर जंघेल, गोपाल सिंह, अर्चना चौबे, यशोमती वर्मा सहित पालक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वृक्षारोपण

डोंगरगढ़(दावा)। 40वीं वाहिनी आई.टी.बी.पी. के सेनानी अनंत नारायण दत्ता के मार्गदर्शन में बी.सी.ओ. बी.बुरहाभट् के नज़दीक रानी रेशमी देवी डेम के आसपास ज्योति प्रकाश उप-सेनानी के नेतृत्व में एवं अगस्टिन बा सहायक सेनानी के उपस्थिति में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वृक्षारोपण चलाया गया। इस कार्यक्रम के तहत जिसमें सतीस, उमेशचंन्द, बीशयु राम, रातुल, श्रीकांत अन्य पदाधिकारी एवं सिविल जनता मोजूद थे हीमवीरों द्वारा फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया।

बजरंग चौक मंदिर में भगवान शंकर की प्राण प्रतिष्ठा की गई

भक्तजनों ने परिवार संग भोलेनाथ को मंदिर में स्थापित किया

डोंगरगढ़(दावा)। सावन के पवित्र माह में स्थानीय बजरंग चौक में बजरंग मंदिर के समीप नवनिर्मित मंदिर में शिवरात्रि पर भगवान शंकर की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान से की गई। मंदिर में भगवान शंकर के अतिरिक्त उनके परिवार की प्रतिमा भी स्थापित की गई है जिसमें भगवान गणेश एवं कार्तिकेय के अतिरिक्त माता पार्वती की प्रतिमा है। मूर्ति स्थापना के पूर्व ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा शिव मंदिर से निकलकर बाजार चौक स्थित तालाब गई जहां से गंगाजल लेकर कलश यात्रा भगवान शिव एवं परिवार को लेने ग्राम के पुरोहित गोपीलाल शर्मा के निवास गई।

पुरोहित शर्मा के यहां पूजा अर्चना कर शिवलिंग एवं उनके परिवार के साथ ग्राम में भ्रमण करते हुए बाजे गाजे के साथ पटाखे फोड़कर जयकारे के साथ वापस नवनिर्मित शिव मंदिर पहुंची। जहां महाराज दिनेश शर्मा ने पूजा अर्चना, हवन सहित रूद्राभिषेक कर भगवान शंकर एवं गणेश, कार्तिकेय, माता पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा की। ग्राम के पुरोहित गोपीलाल शर्मा धर्मपत्नी के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर मोहल्लेवासी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शिक्षा ही शस्त्र एवं अलंकार है- प्रहलाद मिश्रा

डोंगरगांव (दावा)। एनईबी 2020 के तहत विद्यालय का परिवेश विषयों से जुड़ी हुई पंडित तुलसी प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक शाला में एक मेगा पालक शिक्षक सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों को सहभागिता करने हेतु आमन्त्रित किया गया था। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य एस.बी.उर्वशा ने कई ऐसे महत्वपूर्ण बातें पालकों के साथ साझा की, जो विशेषतः विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रगति, बच्चों के पढ़ाई लिखाई, बच्चों के सर्वांगिण विकास के शाला स्तर की जानकारी पर प्रकाश प्रदान की डाला, पूर्व माध्यमिक शाला चिरचारी कला के प्रधान पाठक हेमन्त सलामें ने कहा कि शारीरिक तथा मानसिक बदलाव विद्यर्थियों में एक अलग तरह की सोच, जिज्ञासा, एक अच्छे दोस्त की आवश्यकता का तथा मजबूत सपोर्ट सिस्टम की आवश्यकता की चाहत को जन्म देता है। ऐसा विकल्प वो विद्यार्थी अपने आसपास के वातावरण में ही खोजने लगता है। उस समय उसको आपके और हमारे साथ की जरूरत होती है। ऐसी परिस्थिति में पालकों को कि चाहिए कि पालक अपने बच्चों के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करें। जिससे बच्चा अपने साथ हुई सारी घटनाओं एवं व्यवहार के बारे में सारी बातें आपसे साझा कर सकें। आधुनिक तकनीक का अत्यधिक उपयोग जैसे मोबाइल गेम्स, इंटरनेट, सोशल मीडिया-फेसबुक, व्हाट्सएप एवं इंस्टाग्राम आदि। इस प्रकार की तकनीक से बचे रहने की संभावना कम ही है पर जब इसका उपयोग लत बन जाये तो यह विद्यार्थी जीवन के लिए बहुत ही खतरनाक है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. सुधाकर मैडम पालकों से अपने विचार साझा किए जिसमें उन्होंने बताया कि आज के इस वर्तमान समय में बच्चों को आप पुराने समय की तरह डाँट कर या पीटकर नहीं सुधार सकते। बच्चों के साथ आपको एक दोस्ताना व्यवहार रखना पड़ेगा ही। क्योंकि वह ऐसे माहौल में रह रहा है जो उसे नित नए जानकारी से अवगत करा देता है चाहे वह उसके भविष्य के लिए सही हो अथवा नहीं।

सरपंच घनश्याम साहू पालको से विचार साझा किये, बच्चों से भी कहा कि बच्चों आपको यह बात याद रखनी चाहिए कि यदि आपके जीवन में कोई सच्चा मित्र या हितैषी है तो वो केवल और केवल आपके माता और पिता ही है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला नोडल प्रभारी जितेन्द्र राजपाली सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव ने अपने विचार बताया कि बच्चों के जरूरतों को ध्यान में रखना बहुत अच्छी बात है। किंतु कभी भी न नहीं कहना यह भी हमेशा सही नहीं होता है। बच्चे को वस्तु एवं परिस्थितियों के अभाव का आभास कराना भी अति आवश्यक है। इस उम्र में ये आभास उन्हें सम्पूर्ण जीवन में इसकी उपयोगिता और महत्व की सीख देता है।

शिक्षा ही शस्त्र एवं अलंकार है, परस्पर संवाद पढ़ाई सत्र के दौरान सकारात्मक वातावरण बनाए रखता है।

विशिष्ट अतिथि आचार्य प्रहलाद मिश्रा ने ऐसे सजग एवं लाभकारी परिचर्चा हेतु कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया एवं भविष्य में ऐसे कई आयोजन करने की बात की। माता-पिता और शिक्षकों के बीच सकारात्मक संबंध छात्रों के अपने शिक्षकों पर पूर्ण विश्वास को सुनिश्चित करता है और अपने विकास के लिए दोनों पक्षों द्वारा किये जा रहे मेहनत को देखकर छात्र अपने शैक्षणिक लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए अधिक लगन से पढ़ाई करते हैं। इससे शिक्षकों को अपने छात्र से संबंधित किसी भी मुद्दे पर उनके माता-पिता के साथ संवाद करने में आसानी होती है। छात्र अपनी कमियों के बारे में शिक्षकों और अभिभावकों को पता चल जाने की चिंता करने से भी बच जाते हैं। संकुल समन्वयक भूषण वाडेकर ने कहा कि माता-पिता और शिक्षक का एक ही लक्ष्य होता है, बच्चें की सफलता। माता-पिता, शिक्षक और बच्चें की साझेदारी स्कूली प्रक्रिया को समृद्ध और प्रभावी बनाती है। शिक्षक से प्रतिक्रिया प्राप्त करने से आपको अपने बच्चे के कमजोर क्षेत्रों को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद मिलेगी। विद्यालय की शिक्षक देवेन्द्र साहू ने मंच का संचालन किया एवं नए परीक्षा नियमावली की जानकारी भी सभी पालकों के साथ साझा किया। विद्यालय परिवार इस परिचर्चा कार्यक्रम में पधारे सभी पालकों एवं हमारे विद्यालय के संचालकों का सहृदय धन्यवाद एवं अभिनंदन किया जो इस वर्तमान समय मे समाज को समृद्ध नागरिक देने के लिए अग्रसर है। इस मेगा बैठक में संकुल आश्रित शाला के अंतर्गत मनहरण लाल पिथौरा, सुरेश शुक्ला, हीरालाल गजभिये, अशोक सहाडे, प्रकाश सिलाता, जया कँवर, खेलन देवांगन, चतुर साहू, सेवती साहू, डूमेंद्र पिस्दा, नरेश चंद्रवंशी, दीपमाला साहू, डॉ. जामवंत साहू, नरेन्द्र दमोहे, विक्रम साहू, धर्मेन्द्र मांडले, गिरधर चंद्रवंशी, राजेन्द्र साहू, सहित गणमान्य नागरिक, पालकगण उपस्थित रहे।

पहला कॉलम...

सरकारी स्कूल में छात्र को कमरे में बंद कर घर लौट गई टीचर, प्रिंसिपल सस्पेंड

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के सरकारी स्कूल में अध्यापिका की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है। यहां पर एक छात्र को कमरे में बंद कर सभी टीचर घर लौट गईं। मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया और एक अन्य टीचर के खिलाफ जांच का आदेश दिया गया। मामला मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ ब्लॉक क्षेत्र के गांव गुज्जरहेड़ी का है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को टीचर द्वारा पढ़ाई कराने के बाद स्कूल छात्र-छात्रों की छुट्टी कर दी थी। टीचर स्कूल बंद करके वापस लौट रही थी तो कक्षा 1 का 6 वर्षीय छात्र लक्की क्लास रूम में सो रहा था। स्कूल बंद होते ही टीचर क्लास रूम में ही बंद करा हुआ छोड़ गयी। जब मासूम छात्र घर नहीं पंहुचा तो परिजनो ने स्कूल का रुख किया तो स्कूल बंद मिला। जब परिजन स्कूल के अंदर दाखिल हुए तो उन्हें मासूम के रोने की आवाज आई। उन्होंने अध्यापक से सम्पर्क साधा तो घटना का पता चलते ही टीचर ने अपने पति को स्कूल में भेजा और बच्चे को क्लास रूम से बाहर निकाला।

शेयर बाजार में लौटी रौनक

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार के लिए आज का दिन शानदार रहा और सेंसेक्स में सुबह से जो तेजी का सिलसिला चला वो शाम को तेजी के साथ ही थमा. सेंसेक्स-निफ्टी में जबरदस्त बढ़त के साथ क्लोजिंग के दम पर निवेशकों ने खूब कमाई की और सवा आठ लाख करोड़ रुपये से ज्यादा एक दिन में बाजार के खजाने में जुड़ गए. बीएसई का सेंसेक्स 874.94 अंक या 1.11 फीसदी की उछाल के साथ 79,468 पर बंद हुआ है. इसके अलावा एनएसई का निफ्टी 304.95 अंक या 1.27 फीसदी की बढ़त के साथ 24,297 पर क्लोज हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से आज 25 शेयरों में मजबूती के साथ कारोबार बंद हुआ और केवल 5 शेयर ऐसे रहे जो गिरावट के दायरे में रहे. अडानी पोर्ट्स 3.42 फीसदी बढ़कर बंद हुआ और सेंसेक्स का टॉप गेनर रहा है. इसके बाद पावरग्रिड 3.20 फीसदी ऊपर क्लोज हुआ. गिरने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक 2.54 फीसदी की उछाल के साथ बंद हुआ है और एचयूएल में 0.33 फीसदी की कमजोरी पर ट्रेड बंद हुआ. टेक महिंद्रा, टाइटन और भारती एयरटेल भी गिरावट के लाल निशान पर बंद हुए हैं. आज के दिन बैंक निफ्टी 370.70 अंक या 0.75 फीसदी की बंपर तेजी के साथ 50,119 पर बंद हुआ है. बैंक निफ्टी के 12 में से 10 शेयरों में तेजी रही और इंडसइंड बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में गिरावट रही.

अवनीत कौर पर लगा धोखाधड़ी का आरोप

नई दिल्ली। अवनीत कौर अब मनोरंजन जगत का जाना-माना नाम बन चुकी हैं। सोशल मीडिया पर कहर बरपाने के साथ वह टीवी की दुनिया में भी हलचल मचाती रहीं और 2023 में अपना बॉलीवुड डेब्यू भी किया। अपनी प्रोफेशनल और पर्नसल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहने वाली अवनीत अब एक और वजह से चर्चा में हैं। उन पर एक ज्वेलरी ब्रांड ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। एक्ट्रेस को लेकर इस ज्वेलरी ब्रांड ने सोशल मीडिया पर सबूत के साथ कुछ पोस्ट शेयर किए हैं और एक्ट्रेस पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। ज्वेलरी ब्रांड ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर कर अभिनेत्री पर 'शोषण' का आरोप लगाया। इसमें उल्लेख किया गया है कि एक्ट्रेस ने उनके ब्रांड की ज्वेलरी फ्लॉन्ट करते हुए कई तस्वीरें शेयर कीं, लेकिन कई बार वादा करने के बाद भी उनके ब्रांड को क्रेडिट नहीं दिया। इसके बाद जब ब्रांड ने एक्ट्रेस को याद दिलाया तो एक्ट्रेस ने इससे इनकार कर दिया और भेजे गए ज्वेलरी के लिए पेमेंट करने पर तैयार हो गईं, लेकिन उन्होंने अब तक इसका पेमेंट नहीं दिया। इसी के साथ ब्रांड ने एक्ट्रेस के साथ बातचीत का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। इस पोस्ट में ब्रांड की ओर से लिखा गया है- एक्ट्रेस और इंफ्लूएंसर अवनीत कौर ने अपनी हालिया यूरोप यात्रा के लिए हमारे ब्रांड र्क्हत्र से ज्वेलरी खरीदे। हमारी उनकी स्टाइलिस्ट से बातचीत हुई थी।

ढाका रूट पर एयर इंडिया की उड़ानें फिर से शुरू

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने घोषणा की कि वह दिल्ली-ढाका-दिल्ली सेक्टर में अपनी शाम की उड़ानें एआई 237/238 फिर से शुरू करेगी। इसके अलावा, ढाका में वर्तमान स्थिति को देखते हुए, एयर इंडिया ने कहा है कि वो ढाका से आने-जाने वाली एयर इंडिया उड़ान पर ग्राहकों को एक बार की छूट देगा, ऐसी बुकिंग पर जो 4 से 7 अगस्त के लिए की गई हो, अगर वो इसे रिशेड्यू करना चाहते हैं तो।

इसके लिए टिकट 5 अगस्त या उससे पहले बुक किया गया होना चाहिए। एयर इंडिया ने अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी। पोस्ट मे लिखा गया है, एयर इंडिया 6 अगस्त 2024 को दिल्ली-ढाका-दिल्ली सेक्टर पर अपनी शाम की उड़ानें एआई237/238 संचालित करेगी। इसके अलावा, ढाका में मौजूदा स्थिति के कारण, एयर इंडिया ग्राहकों को पुनर्निर्धारण पर एक बार छूट दे रही है।

भारतीय फैंस को बड़ा झटका : 'डिसक्वालीफाई' हुई विनेश फोगाट

पेरिस । पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय फैंस को बड़ा झटका लगा है. महिला कुश्ती प्रतियोगिता की 50 किलोग्राम कैटेगिरी के फाइनल में जगह बनाने वाली विनेश फोगाट को 'डिसक्वालीफाई' कर दिया गया है. विनेश से भारतीयों को गोल्ड मेडल की उम्मीद थी और उन्हें आज देर रात अपना गोल्ड मैच खेलना था, लेकिन अब वह 'डिसक्वालीफाई' हो चुकी हैं. लेकिन विनेश को 'डिसक्वालीफाई' क्यों किया गया? आइए जानते हैं.

दरअसल ज़्यादा वजन होने के कारण विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक 2024 की कुश्ती प्रतियोगिता से डिसक्वालीफाई कर दिया गया है. विनेश के अयोग्य घोषित हो जाने के बाद से यह बात साफ हो गई कि वह अब गोल्ड मेडल का मैच नहीं खेलेंगी. विनेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल मैच के लिए क्वालीफाई किया था. विनेश के डिसक्वालीफाई होने से करोड़ों भारतीयों का दिल टूट गया होगा.

शानदार प्रदर्शन करने वाली विनेश फोगाट से गोल्ड मेडल की पूरी उम्मीद लगाई जा रही थी. अब उनके डिसक्वालीफाई होने के बाद फैंस की इस उम्मीद पर पानी फिर गया. बता दें कि विनेश को देर रात 12ः30 बजे (08 अगस्त) फाइनल मुकाबला खेलना था. फाइनल मैच में विनेश की भिड़ंत युनाइटेड स्टेट्स की सारा एन हिल्डेब्रांट से होनी थी.बताया जा रहा है कि सिर्फ 100 ग्राम वजन ज़्यादा होने के कारण विनेश को प्रतियोगिता से डिसक्वालीफाई कर दिया गया है. वह 50 किलोग्राम भार वर्ग के फ्रीस्टाइल में हिस्सा ले रही थीं.

विनेश फोगाट अस्पताल में भर्ती

इस बीच इवेंट से बाहर होने के बाद खबर आई है कि अचानक से अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। हालांकि चिंता की कोई बात नहीं है। पता चला है कि विनेश डिहाइड्रेशन का शिकार हुई हैं। इसलिए उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। यानी अब वे कुछ वक्त तक वहीं पर रहेंगी। विनेश के बारे में बताया जा रहा है कि वे फाइनल से पहले की पूरी रात सोई नहीं हैं। इस दौरान वे साइकलिंग और जॉगिंग करती रहीं, ताकि उनका वजन ज्यादा ना हो, लेकिन फिर भी वे 100 ग्राम से चूक गईं।

यह भारत के लिए कुश्ती में दूसरा बड़ा झटका है. इससे पहले 68 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लेने वाली भारतीय महिला पहलवान निशा दहिया इंजरी के चलते मेडल नहीं ला सकी थीं. निशा को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था. निशा को उत्तर कोरिया की सोल गुम में 10-8 से हराया था. इस हार के साथ ओलंपिक में निशा का सफर समाप्त हो गया था.

निशा शानदार खेल दिखा रही थीं. वह दूसरा हाफ शुरू होने तक 4-0 से आगे चल रही थीं. दूसरे ही हाफ में उनके कंधे में इंजरी हो गई. इसके बाद मैच के बीच कई बार डॉक्टर मैदान पर आए. निशा ने इंजरी के बावजूद हार नहीं मानी और मैच पूरा किया. हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था.

विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर पीएम मोदी ने की पीटी उषा से बात

पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा से बात की। पीएम मोदी ने उनसे इस मुद्दे और विनेश फोगाट के बाहर होने के बाद भारत के पास मौजूद विकल्पों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी मांगी है।

सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने पीटी उषा से विनेश के मामले में हर संभव सभी विकल्पों का पता लगाने के लिए कहा है। उन्होंने पीटी उषा से यह भी आग्रह किया कि अगर इससे विनेश फोगाट को मदद मिलती है तो वह अयोग्यता के संबंध में कड़ा विरोध दर्ज कराएं।

इससे पहले पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला रेसलर विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित होने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, विनेश, आप चैंपियनों में चैंपियन हैं!

अफगानिस्तान के युवा बल्लेबाज एहसानुल्लाह जनत पर 5 साल का बैन, मैच फिक्सिंग का आरोप

नई दिल्ली। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने युवा बल्लेबाज एहसानुल्लाह जनत पर पांच साल के लिए क्रिकेट की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। जनत पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगा, जिसे उन्होंने स्वीकार किया है। एहसानुल्लाह जनत को काबुल प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण के दौरान मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया। अफगानिस्तान के खिलाड़ी ने एसीबी और आईसीसी भ्रष्टाचार विरोधी संहिंता के उल्लंघन करने के आरोपों को स्वीकार किया है। 26 साल के एहसानुल्लाह जनत ने 2017 में डेब्यू किया था। उन्होंने तीन टेस्ट, 16 वनडे और एक टी20 इंटरनेशनल मैच में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया। जनत को प्रतिभाशाली क्रिकेटर माना जाता था, जिनके बारे में यह भी कहा गया कि उनको कम उम्र में डेब्यू कराया गया। इस वजह से उनकी यात्रा मुश्किल हो गई। जनत को आईसीसी की भ्रष्टाचार विरोधी संहिंता के आर्टिकल 2.1.1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जिसमें मैच के नतीजे, प्रगति या अन्य पहलु को फिक्स करने में प्रभाव या प्रयास करना शामिल है। उल्लंघन के कारण जनत पर सभी क्रिकेट संबंधित गतिविधियों से पांच साल का प्रतिबंध लगाया गया है। जनत ने आरोपों को स्वीकार किया और माना की भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त थे। यह जनत ही नहीं बल्कि अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए भी जोरदार झटका है। केपीएल को बढ़ाने में एसीबी ने अहम भूमिका निभानी है, लेकिन इस मामले के बाद उसकी विश्वसनीयता पर संदेह की स्थिति बन गई है।

बहरहाल, एसीबी ने बताया कि एहसानुल्लाह जनत को दोषी पाने के बाद बोर्ड ने तीन अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ मैच फिक्सिंग की जांच शुरू की। बयान में कहा गया, एसीबी की भ्रष्टाचार विरोधी ईकाई ने खुलासा किया कि तीन अन्य सदस्यों पर भी मैच फिक्सिंग का आरोप है और जांच शुरू हो गई है। इनके आरोप साबित होने पर कोई फैसला आगे लिया जाएगा।

बांग्लादेश के खिलाफ़ टेस्ट सीरीज़ के लिए सउद शकील पाकिस्तान के उपकप्तान

कराची। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ़ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज़ के लिए शान मसूद की अगुवाई वाली 17-सदस्यीय दल का ऐलान कर दिया है। घरेलू क्रिकेट और पाकिस्तान शाहीन के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज़ों कामरान गुलाम और मोहम्मद हुरैरा टीम में नए चेहरे हैं, जबकि इमाम-उल-हक़, फ़हीम अशरफ़, मोहम्मद नवाज़, नोमान अली और साजिद ख़ान को टीम से बाहर किया गया है। चोटिल चल रहे तेज़ गेंदबाज़ों हसन अली और मोहम्मद हसन जूनियर के नाम पर चर्चा नहीं हुई, वहीं चोट से उबर रहे तेज़ गेंदबाज़ नसीम शाह की 13 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी हुई है। मध्य क्रम के बल्लेबाज़ सउद शकील को टीम का उपकप्तान बनाया गया है और वह शाहीन शाह आफरीदी की जगह लेंगे। अगस्त 2024 से अप्रैल 2025 के बीच पाकिस्तान को कुल नौ टेस्ट, 17 वनडे और 14 टी20 खेलने हैं, जिसे देखते हुए यह फ़ैसला किया गया है ताकि तेज़ गेंदबाज़ आफरीदी का वर्कलोड मैनेज किया जा सके।

नेपाल में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पांच लोगों की मौके पर मौत

काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू के बाहर नुवाकोट के शिवपुरी राष्ट्रीय उद्यान में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में सभी सवार पांच लोगों की मौत हो गई है। नेपाल पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर में चार चीनी नागरिक सहित कुल पांच लोग सवार थे। काठमांडू पोस्ट ने यह जानकारी दी है।

वहीं, त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता सुभाष झा ने बताया कि एयर डायनेस्टी का 9एन-एजेडी हेलीकॉप्टर दोपहर 1ः54 बजे काठमांडू से रसुवा के लिए उड़ा था। हालांकि, वह अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नेपाल पुलिस ने इस मामले में एक बयान जारी किया है। पुलिस ने अपने बयान में कहा कि काठमांडू से रसुवा के लिए उड़ान भरने वाला एयर डायनेस्टी हेलीकॉप्टर नुवाकोट के शिवपुरी जिले में पहुंचा। इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। नेपाल पुलिस मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है।

शेख हसीना के बेटे का दावा : मां ने किसी भी देश से राजनीतिक शरण नहीं मांगी

नई दिल्ली। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने पद से इस्तीफा देने के बाद भारत आ गई हैं और सोमवार शाम से ही भारत में ही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह कहा जा रहा था कि किसी भी देश में राजनीतिक शरण मिलने के बाद वह भारत से चली जाएगी.

हालांकि, शेख हसीना के बेटे ने दावा किया है कि उन्होंने किसी भी देश से राजनीतिक शरण नहीं मांगी है. साजिब वाजेद जॉय ने अपनी मां शेख हसीना को लेकर कहा कि वह सोच ही रही थीं कि जल्द ही राजनीति से संन्यास भी ले लेंगी.किसी भी देश में शरण लेने और अमेरिका के वीजा रद्द होने वाली रिपोर्ट को शेख हसीना के बेटे ने गलत ठहराया है. उन्होंने कहा कि उनकी मां ने किसी से भी शरण के लिए अनुरोध नहीं किया है. अमेरिकी वीजा रद्द होने की बात पर जॉय ने कहा कि अमेरिका के साथ ऐसी कोई भी बातचीत नहीं हुई है.

शेख हसीना के बेटे साजिब ने कहा था कि उनकी मां जल्द ही राजनीति से संन्यास ले लेंगी. हाल ही में एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उनकी मां का बांग्लादेश की राजनीति से मन भर चुका है. साजीब ने कहा उनका परिवार अब साथ रहने की प्लानिंग कर रहा है.

साजिब ने कहा कि उनकी बहन दिल्ली में रहती है. उनकी मौसी लंदन में रहती है और वह खुद वाशिंगटन में है, इसलिए वह सब कहां रहेंगे इसका अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है.

जनधन और बेसिक सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम बैलेंस रखने की जरूरत नहीं : वित्त मंत्री सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से कहा गया है कि जन धन और बेसिक सेविंग्स अकाउंट में न्यूनतम अकाउंट बैलेंस रखने की आवश्यकता नहीं है। बैंक द्वारा केवल उन्हीं ग्राहकों पर जुर्माना लगाया जाता है जो अपने खाते में अपेक्षित राशि बनाए रखने में विफल रहते हैं। बैंक खातों में ग्राहकों की ओर से न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण 8,500 करोड़ रुपये का जुर्माना सरकारी बैंकों द्वारा बीते 5 वर्षों में वसूले जाने के एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने ये बात कही।

सीतारमण ने कहा कि सदन के सदस्यों की ओर से बैंकों द्वारा न्यूनतम बैलेंस न रखने पर राशि काटे जाने का सवाल उठाया गया है। यह नियम पीएम जन धन खातों और बेसिक सेविंग्स अकाउंट पर लागू नहीं होता है। ये केवल उन खातों पर लागू होता है, जिसमें ग्राहकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने खाते में एक सीमा तक न्यूनतम बैलेंस बनाए रखें। वित्त मंत्री की ओर से यह जवाब लिखित में लोकसभा में दिया गया।

बता दें, जिन सरकारी बैंकों द्वारा न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण जुर्माना वसूला गया है उनमें पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बैंक, यूको बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का नाम शामिल है।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा को बताया था कि न्यूनतम बैलेंस न रखने के कारण सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 24 में 2,331 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला है। यह राशि पिछले साल वसूली गई रकम से 25 प्रतिशत अधिक थी।

वित्त वर्ष 2023-24 में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 633 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 386 करोड़ रुपये और इंडियन बैंक द्वारा 369 करोड़ रुपये का जुर्माना न्यूनतम बैलेंस न रखने के लिए वसूला गया है।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई

सीबीआई की प्राथमिकी में शामिल शिकायत में आरोप लगाया है कि क्रमांक 1-171 तक मेरिट में जगह बनाने वाले परीक्षार्थी कथित तौर पर सरकारी अधिकारियों, राजनेताओं और प्रभावशाली व्यक्तियों से संबंधित हैं। कांग्रेस नेताओं के बेटे बेटियां भी शामिल- शिकायत में उप कलेक्टरों की भी सूची है, जिनमें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार जाल्क्सो के बेटे निखिल व बेटी नेहा, बस्तर नक्सल ऑपरेशन के डीआईजी पीएल ध्रुव की बेटी साक्षी, कांग्रेस नेता सुधीर कटियार की बेटी भूमिका कटियार व दामाद शशांक गोयल और कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला की बेटी स्वर्णिम शुक्ला शामिल हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इसके अलावा, उप कलेक्टर के रूप में चुनी गई प्रज्ञा नायक और वित्तीय सेवा अधिकारी के रूप में चुने गए प्रखर नायक समेत कांग्रेस नेताओं के सहयोगियों के रिश्तेदार भी कथित घोटाले के लाभार्थी हैं।

जेल से 1 साल बाद बाहर आएंगी

जिन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है उनमें कई कांग्रेस के दिग्गज नेता हैं। ईडी का आरोप है कि कोयला के परिचालन, ऑनलाइन परमिट को ऑफलाइन करना समेत कई तरीकों से करीब 570 करोड़ रुपये की अवैध वसूली की गई है।

आज सीएम हाउस में जनदर्शन..

सीएम विष्णुदेव साय ने 27 जून को पहला सीएम जनदर्शन रायपुर मुख्यमंत्री निवास में लगाया था, जिसके बाद अलगे हफ्ते के गुरुवार 4 जुलाई को दूसरा सीएम जनदर्शन लगाया गया था। 11 जुलाई से लेकर 1 अगस्त तक किसी न किसी कारण से जनदर्शन स्थगित किया गया था। जिसके बाद अब कल फिर से जनदर्शन की शुरुआत की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में बनेगा देश का तीसरा ...

गाईड, पर्यटक वाहन संचालन, और रिसॉर्ट्स के संचालन के साथ-साथ अन्य पर्यटन संबंधित सेवाओं से स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ होगा। राष्ट्रीय प्रोजेक्ट टाइगर ऑथोरिटी से अतिरिक्त बजट प्राप्त होगा, जो क्षेत्र के विकास और आजीविका सुधार के लिए उपयोगी होगा।

देश का तीसरा बड़ा टाइगर रिजर्व - गुरुघासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व 2829.387 वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैला देश का तीसरा बड़ा टाइगर रिजर्व होगा। आंध्रप्रदेश का नागार्जुनसागर श्रीसैलम टाइगर रिजर्व 3296.31 वर्ग किमी के साथ देश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। वहीं, असम का मानस टाइगर रिजर्व 2837.1 वर्ग किमी क्षेत्रफल के साथ देश दूसरा बड़ा टाइगर रिजर्व माना जाता है।

प्रथम पेज का शेष

'भय, भ्रम और अफवाह फैलाना ...

अराजकता फैलाने के लिए नहीं है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में संकट खड़ा करने का प्रयास बार-बार करती रही है, पहले चुनावों से पहले और अब चुनावों के बाद। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि बांग्लादेश में जो हालात हैं, वह भारत में भी हो सकते हैं। बांग्लादेश की तरह भारत में भी हिंसक धरना-प्रदर्शन हो सकते हैं।

राज्यसभा की 12 सीटों के लिए ...

कार्यकाल पूरा होने की वजह से यह सीट खाली है। राजद मीसा भारती को दोबारा राज्यसभा में भेज सकती है। हरियाण से दीपेंद्र सिंह हुड्डा की राज्यसभा सीट खाली है। दीपेंद्र सिंह हुड्डा अब लोकसभा सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। मध्यप्रदेश में ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया की राज्यसभा सीट हैं। बता दें कि सिंधिया अब लोकसभा के सदस्य निर्वाचित किए जा चुके हैं। महाराष्ट्र से छत्रपति उदयनराजे भोसले और पीयूष वेदप्रकाश गोयल की राज्यसभा सीट खाली हैं। दोनों नेताओं का राज्यसभा सदस्य के तौर पर कार्यकाल पूरा होने की वजह से ये सीटें खाली हुई हैं। राज्यसभा से कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल की राज्यसभा सीट खाली हैं। यह सीट वेणुगोपाल का राज्यसभा सदस्य के तौर पर कार्यकाल पूरा होने की वजह से खाली हुई है। त्रिपुरा से बिप्लब कुमार देब का राज्यसभा सांसद के तौर पर कार्यकाल पूरा होने की वजह से यह सीट खाली हुई है। तेलंगाना की एक राज्यसभा सीट डॉ. के. केशव राव के इस्तीफे की वजह से खाली हुई है। ओडिशा से ममता मोहंता के इस्तीफे की वजह से राज्यसभा की एक सीट खाली है।

बजट को लोकसभा की मंजूरी...

श्रीमती सीतारमण ने विपक्ष से सवाल किया, आप में से किसने अपनी सरकार वाले राज्यों के वित्त मंत्रियों को इस बारे में पत्र लिखा है। इस मुद्दे पर अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी नितिन गडकरी की चिट्ठी का विपक्ष द्वारा जिक्र जाने पर उन्होंने कहा कि लोगों के ज्ञापन पर मंत्रियों द्वारा इस तरह के पत्र लिखना सामान्य बात है। विपक्ष इसको लेकर राजनीति कर रहा है। श्रीमती सीतारमण ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम किये जाने की विपक्ष की मांग को भी उसका दोहरा चरित्र बताते हुये कहा कि मोदी सरकार ने जनता को राहत देने के लिये नवंबर 2021 और मई 2022 में उत्पाद शुल्क में कटौती की जिससे कुल मिलाकर पेट्रोल 13 रुपये और डीजल 16 रुपये प्रति लीटर कम हुआ। इसके अलावा मार्च 2024 में भी पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों में दो रुपये की कमी की गयी लेकिन हिमालच प्रदेश, कर्नाटक और पंजाब जैसे राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारों ने डीजल पेट्रोल पर राहत देने की बजाए जनता का बोझ बढ़ाया। तमिलनाडु में डीजल और पेट्रोल को पांच रुपये तक सस्ता करने का वादा था लेकिन केवल पेट्रोल पर तीन रुपये की कटौती की।

वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार लगातार मध्यम वर्ग को कर में राहत देने के प्रावधान करती आई है। उन्होंने चालू बजट में वेतन भोगी कर दाताओं के लिये मानक कटौती 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये किये जाने, स्टार्टअप पर एंजिल कर कम किये जाने जैसे कदमों का जिक्र किया। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुये कहा कि 'टैक्स टेरोरिज्म' और बांह मरोड़कर पैसा वसूलने की बाते 2014 से पहले की हैं। उनकी सरकार ने कर व्यवस्था को सरल बनाया है, जिससे कर दाताओं का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने इसी संदर्भ में कर रिटर्न करने वालों की संख्या में वृद्धि का भी उल्लेख किया। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार चालू वित्तवर्ष के बजट में कच्चे माल, कई दुर्लभ खनिजों सोना चांदी जैसी महंगी धातुओं और इलेक्ट्रानिक यंत्रों के निर्माण में काम आने वाले यंत्रों और प्रणालियों पर आयात शुल्क कम किया है, ताकि घरेलू विनिर्माण उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सके और रोजगार के अवसर बढ़ें।

स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम....

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी से पहले हर राज्य में स्वास्थ्य कर लगाया जाता था। उन्होंने कहा कि विपक्ष राजनीतिक रोटियां सेंकता है। उन्होंने सवाल किया कि यदि इस तरह की मांग है तो क्या विपक्ष ने अपने राज्यों के वित्त मंत्रियों को पत्र लिखे हैं।

छत्तीसगढ़ में मिलेगी सभी विदेशी ब्रांड...

साथ ही प्रस्तावित व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कंपनियों के रेट ऑफर और फुटकर विक्रय के लिए अनुमोदित होने वाली दर को ब्रांड और लेबलों के अनुसार वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। 0 विदेशों में बिकने वाली शराब मिलेगी- बैठक में बताया छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित व्यवस्था के लागू होने से यूरोप के बड़े देशों में बिकने वाली विदेशी शराब भी आसानी से सरकारी शराब दुकानों में मिल पाएगी। बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि मदिरा दुकानों में निर्धारित दर से अधिक दर पर मदिरा का विक्रय न हो और मदिरा में किसी भी प्रकार की मिलावट न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शराब के निर्धारित रेट और क्वालिटी की निगरानी और किसी भी तरह की गड़बड़ी के मामले एक्शन लेने के लिए मदिरा दुकानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को आबकारी मुख्यालय के सेन्ट्रलाइज्ड वीडियो मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इस मोबाइल बेस्ड एप्लिकेशन के जरिए प्रदेश के शराब दुकानों में विभिन्न ब्रांड की शराब की उपलब्धता की जानकारी आम लोगों को मिल सकेगी। 0 अवैध शराब के खिलाफ होगा एक्शन- बैठक में आबकारी आयुक्त ने अधिकारियों को राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए योजना तैयार करने और अवैध शराब बिक्री करने वाले बनाने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ अवैध शराब के खिलाफ होगा एक्शन। बैठक में आबकारी आयुक्त ने अधिकारियों को राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए योजना तैयार करने और अवैध शराब बिक्री करने वाले बनाने वाले के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मदिरा की बिक्री से प्राप्त राशि निर्धारित समयावधि में बैंक खाते में जमा कराएं। 0 लापरवाही पाए जाने पर होगी कार्रवाई- इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कैश कलेक्शन, बैंक एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं शराब की गुणवत्ता की जांच के लिए हाइड्रोमीटर-थर्मामीटर की खरीदी प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

आक्रोशित ग्रामीणों ने विधायक के साथ पैदल मार्च कर किया स्टेट हाईवे में चक्काजाम

0 देवारीभाठ हत्याकांड को लेकर किया गया प्रदर्शन
0 राजनांदगांव-कवर्धा स्टेट हाईवे में एक घंटा हुआ चक्काजाम
0 नाराज ग्रामीणों ने निकाली शव यात्रा

खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय से लगे देवारीभाठ में ढाई माह पहले हुये युवक की हत्या को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने विधायक व कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर जम्बो प्रदर्शन किया। तय कार्यक्रम के मुताबिक विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा व मनराखन देवांगन सहित कांग्रेस नेताओं के नेतृत्व में देवारीभाठ के ग्रामीण व मृतक के परिजन बडी संख्या में दोपहर तकरीबन 12 बजे ईतवारी बाजार के शीतला मंदिर पहुंचे जहां नाराज ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन व भाजपा शासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की और मृतक राजेश्वर वर्मा के हत्यारों को गिरफ्तार कर न्याय की मांग की।

पुलिस प्रशासन की निकाली गई शव यात्रा

इस दौरान ईतवारी बाजार में कांग्रेस नेता व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, पार्षद दीपक देवांगन, कपिनाथ महोबिया, सुमित टांडिया, पलाश सिंह, विधायक प्रतिनिधि नदीम मेमन, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्रजीत सिंह छोटू, विधायक प्रतिनिधि पूरन सारथी, रविन्द्र सिंह गहरवार, सुबोध पांडे, राजा सोलंकी, शेखर दास शानू, सोनू ढीमर, सुमित जैन, मोहित भोंडेकर, किशन रजक, सहित एकजुट हुये कांग्रेसियों ने पुलिस प्रशासन की शव यात्रा निकाली। इस दौरान पहले से ही चौकस पुलिस के जवानों ने शव यात्रा को विफल करने अर्थी को छिनने का प्रयास किया और पुलिस प्रशासन के साथ कांग्रेसियों की देर तक झूमा-झटकी हुई।

नगर भ्रमण कर किया पैदल मार्च

प्रदर्शनकारियों ने शव यात्रा के विफल होने के बाद पुलिस प्रशासन व छग शासन के विरूद्ध कानून व्यवस्था चौपट होने का आरोप लगाकर नारेबाजी करते हुये पैदल मार्च निकालकर नगर भ्रमण किया। ईतवारी बाजार से निकला पैदल मार्च बख्शी मार्ग, गोल बाजार, मस्जिद चौक, राजीव चौक, दाऊचौरा तिराहा व स्टेट हाईवे से बस स्टैंड होते हुये सिविल लाईन दुर्गा चौक पहुंचा। थाना घेराव की मंशा को लेकर पहुंचे कांग्रेसियों व प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को पुलिस प्रशासन ने यहीं रोक दिया।

प्रदर्शनकारियों के मंसूबों पर पानी फेरने पुलिस प्रशासन ने पहले से ही तैयारी कर रखी थी और प्रदर्शनकारियों से अधिक संख्या में मौजूद पुलिस बल ने थाने की सुरक्षा को लेकर दोनों तरफ से बैरिकेटिंग कर किलाबंदी कर रखी थी। सिविल लाईन दुर्गा चौक में एंटी स्क्वाड फोर्स के साथ तैनात रिजर्व पुलिस बल ने अधिकारियों के साथ मोर्चा संभाले रखा था और यहीं पर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया गया जिसके बाद प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों व पुलिस के बीच देर तक नोकझोंक व नारेबाजी चलती रही।।

पुलिस प्रशासन द्वारा किलाबंदी किये जाने के बाद मृतक राजेश्वर वर्मा के नाराज परिजन विधायक सहित कांग्रेस नेताओं के साथ मुख्य मार्ग स्टेट हाईवे में ही धरने पर बैठ गये और प्रदर्शनकारियों ने मार्ग अवरूद्ध कर लगभग एक घंटे तक स्टेट हाईवे में चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम होने के बाद काफी देर तक खैरागढ़ में यातायात बाधित रहा और मार्ग परिवर्तित कर वाहनों की आवाजाही शुरू की गई। इस दौरान मृतक राजेश्वर की मां रोते हुये अपने मृत बेटे की तस्वीर को लेकर घंटेभर बीच सड़क पर बैठी रही जहां मृतक की विधवा पत्नी और मृतक का बेटा न्याय की गुहार लगाते रहे। यह दृश्य बेहद मर्मस्पर्शी और करूणामयी था जिसे देखकर कई प्रदर्शनकारियों की आंखों में आंसू आ गये और इसके बाद प्रदर्शन और तेज हो गया। नाराज प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान काली चूड़ियां मंगाकर पुलिस प्रशासन को चूड़ियां भेंट की और पुलिस के विरूद्ध हाय-हाय के नारे लगाते रहे। मौके पर विधायक यशोदा वर्मा के साथ कांग्रेस नेत्री शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.किरण झा, विधायक प्रतिनिधि आरती यादव, विद्या टांडिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी प्रदर्शन करती रही।

प्रदर्शन के बीच एएसपी नेहा पांडे, एसडीओपी लालचंद मोहले, टीआई जितेन्द्र बंजारे, साइबर सेल प्रभारी अमीत शर्मा सहित पुलिस के जवान विधायक सहित परिजनों से चक्काजाम खत्म कर प्रदर्शन बंद करने की अपील करते रहे। मौके पर एसडीएम टीपी साहू व तहसीलदार प्रीतम सिंह चौहान जिला प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर बनाये हुये थे। इस दौरान वाद-विवाद के बीच पुलिस प्रशासन ने जांच कार्यवाही के लिये 15 दिनों की मोहलत मांगी। गौरतलब है कि पुलिस की जांच में अब तक मृतक राजेश्वर की हत्या को लेकर ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है जिससे किसी संदेही की गिरफ्तारी की जा सके। बताया जा रहा है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट व अन्य तकनीकी जांच के बाद ही इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही हो सकती है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्या का मामला संदेह में है वहीं चिकित्सक द्वारा दी गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि की गई है जिसके बाद मामला उलझ गया है।

खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के गृहग्राम में 19 मई को एक युवक राजेश्वर वर्मा की हत्या कर दी गई। आज ढाई माह बित जाने के बाद भी पुलिस हत्यारे को पकड़ने में नाकाम रही। पुलिस प्रशासन भाजपा के नेताओं के इशारे काम कर रही है। इसी दौरान आज खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के नेतृत्व में ग्राम देवारीभाठ के ग्रामीण सहित कांग्रेस नेताओं ने शहर में रैली निकालकर नगर भ्रमण करते हुए, पुलिस प्रशासन और भाजपा सरकार की लचर कानून व्यवस्था के कारण खैरागढ़ थाने का घेराव और तीन घंटे तक खैरागढ़ कवर्धा स्टेट हाईवे पर चक्काजाम भी किया गया।

एएसपी नेहा पांडे ने 15 दिन के अंदर हत्यारे को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। इस दौरान विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ किरण झा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नदीम मेमन, यतेंद्र जीत सिंह छोटू, पार्षद दीपक देवांगन, पुरूषोत्तम वर्मा, सुमीत टांडिया, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष सुमित जैन, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव राजा सोलंकी, विधायक प्रतिनिधि पूरन सारथी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

अवैध शराब एवं गांजा बिक्री पर रोक लगाने ग्राम चकनार के दर्जनों महिलाओं ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन, हो कार्यवाही

अवैध शराब पर आबकारी, और पुलिस विभाग की मौन सहमति

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम चकनार और नर्मदा के महिलाओं एवं पुरुषों ने ग्राम में अवैध शराब बेचे जाने का व्यवसाय धड़ुले से संचालित किया जा रहा है, ग्राम में देशी एवं अंग्रेजी विदेशी शराब को अलग-अलग स्थान में आसानी से बेचे जाने की शिकायत सामने आई है। ग्राम में अवैध शराब की दुकान खुल जाने के कारण ग्राम का माहौल तो खराब हो रहा है वहीं छोटे-छोटे बच्चे शराब और नशा का शिकार हो रहे हैं।

अवैध शराब के प्रति जिम्मेदार प्रशासन के खिलाफ ग्राम के लोगों ने लंबे समय तक कोई आपत्ति नहीं की, ग्राम चकनार की महिलाओं ने अवैध शराब संचालन के खिलाफ पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता खमहन ताम्रकार के नेतृत्व में कल 5 अगस्त सोमवार को दर्जनों की संख्या में गंडई थाना पहुंचकर थाना प्रभारी भीमसेन यादव को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया है कि ग्राम चकनार तहसील गंडई जिला केसीजी में यहां तक की यह सब नशीले पदार्थ घर पहुंच सेवा उपलब्ध है जिससे गांव के नाबालिक बच्चे शराब व गांजा के नशे में पूरे दिन लिप्त होते जा रहे हैं जिससे गांव वाले एवं परिवार पूर्ण रूप से परेशान रहते हैं बेचने वालों के ऊपर उचित तरीके से जांच कर कठोर कार्वाई के लिए ग्राम के सरपंच डोगेंद्र सोरी, नेमचंद लिकेश्वर सुनीति मिरझा, तीरथ दुबे, लक्ष्मण, राकेश, केवल, जनवंतीन पटेल, मनीराम, विशंभर पटेल, डोमेश्वर पटेल, सहित कई दर्जनों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष थाना पहुंचकर शिकायत किए हैं।

गांव का माहौल हो रहा खराब

खम्हन ताम्रकार पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं युवा नेता का कहना है की शराब की अवैध बिक्री के संबंध में जानकारी मिली है, गंडई अंचल के अधिकतर गावो में अवैध शराब बिक्री जारी है जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा विधिवत कठोर कार्यवाही करनी चाहिए।

सूचना देने वालों का नाम गोपनीय

भीमसेन यादव थाना प्रभारी गंडई का कहना है कि ग्राम चकनार के ग्रामीणों द्वारा अवैध शराब, गांजा की बिक्री को लेकर सामूहिक आवेदन दिए है, पुलिस पब्लिक के साथ है, ऐसे कार्य करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही कर रही है, इस ओर जांच कर उचित कार्यवाही करने का भरोसा जताया है, निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी।

संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी का बी. फॉर्मेसी सप्तम सेमेस्टर का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

राजनांदगांव (दावा)। जिले की प्रथम एवं प्रदेश कि अग्रणी फॉर्मेसी संस्थान, संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, जो कि सीएसवीटीयू भिलाई से संबद्ध है जिसका विगत दिवस घोषित बी.फॉर्मेर्सी सप्तम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

अच्छा प्रदर्शन करते हुए शाहिना अंजुम ने 87.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, सौरभ अग्रवाल ने 80.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, प्रिति साहू ने 80.26 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान, रेशमा साहू ने 80.13ः के साथ चतुर्थ एवं सौरभ साहू ने 77.06 प्रतिशत के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की उत्कृष्ट पढ़ाई, बेहतर व्यवस्था, शिक्षा योग्य वातावरण एवं प्राचार्य डॉ. टी. कुमार व शिक्षकगणों को दिया। संस्था के प्रबंधक ललित दादरीवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किए। उपरोक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य डॉ. टी. कुमार द्वारा प्रदान की गई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी - पारख

शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)
05-08-2024 13:57

कमला कॉलेज दीक्षारंभ समारोह सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव के दीक्षारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खूबचंद पारख पूर्व उपाध्यक्ष छ.ग. शासन, 20 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नवप्रवेशित प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को विशेष शुभआशीष देते हुए।

उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कहा कि भारतीय सर्वोउत्कृष्ट ज्ञान एवं गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा आधारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी और उपयोगी है। वस्तुतः उच्च शिक्षित बेटियां ही विकसित, समृद्ध भारत की नींव बनेगी। व्यवसायिक कला कौशल से प्रशिक्षित हमारी बेटिया संस्कारधानी राजनांदगांव का गौरव भी बढ़ायेंगी। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र गोलछा एवं कोमल सिंह राजपूत ने भी नवप्रवेशित छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समग्र छात्र हितकारी स्वरूप को सहजता से स्वीकार कर श्रेष्ठ श्रेष्कर रूप में उच्च शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में प्रत्यक्षत-प्रभारी भूमिका निभाने का आव्हान किया गया। समारोह में विशेष रूप से उपस्थित समाजसेवी अतुल रायजादा एवं सुश्री मणीभास्कर गुप्ता ने समस्त अतिथियों के साथ नवप्रवेशित छात्राओं तथा सर्वाधित अंक के आधार पर मनोनित एन.ई.पी. एम्बेसडर सुश्री प्रज्ञा बाम्बेश्वर (कला संकाय), खुमेश्वरी (विज्ञान संकाय गणित), कुमेश्वरी (विज्ञान संकाय बायोलॉजी), वैजयन्ती कोरेटी (विज्ञान संकाय गृहविज्ञान) तथा शिवानी सोनी (वाणिज्य संकाय) को विशेष आई कार्ड पहनाकर एवं तिलक वंदन कर सभी का अभिनंदन किया तथा दीक्षारंभ की घोषणा की। संस्था प्राचार्य डॉ.आलोक मिश्रा द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य तथ्यों एवं विशिष्ठताओं प्रकाश डाला गया तथा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं विषय विशेषज्ञता टीम से अवगत कराया। दीक्षारंभ समारोह का उत्कृष्ट सतत् संचालन रोचक टिप्पणी एवं आकर्षक विमर्श के साथ प्रभारी प्राध्यापक डॉ.कृष्ण कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। समारोह का भव्य शुभारंभ श्रीमती रामकुमारी धुर्वा एवं संगीत छात्राओं संयोजन में मां सरस्वती वंदना, राज्य गीत गायन एवं सुमधुर स्वागत गीत से हुआ तथा समापन ''एक वृक्ष माता के नाम'' वृक्षारोपण कार्य से किया गया। समग्र दीक्षारंभ समारोह के सफल आयोजन और संयोजन के लिए सभी का आभार प्रदर्शन प्रो.आलोक कुमार जोशी द्वारा किया गया। समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन में समस्त महाविद्यालय स्टॉफ, रासेयो एवं एनसीसी छात्राओं की महत्तम भूमिका के लिए प्राचार्य डॉ.मिश्रा ने भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

कवर्धा जिला लोधी समाज के जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण सम्पन्न

प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण उपरांत बधाई दी
उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोधी समाज के लिए 21 लाख की घोषणा की
विधायक भावना बोहरा ने 10 लाख की घोषणा की

डोंगरगढ़(दावा)। कवर्धा जिला के ग्राम बम्हनी में जिला लोधी समाज के जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों का शपथग्रहण सोमवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विरांगना रानी अवंतीबाई लोधी, लोधेश्वर भगवान एवं स्वामी ब्रह्मानंद की तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान जिला कार्यकारिणी द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष एवं जिला कार्यकारिणी को पद की शपथ छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने दिलाई। शपथग्रहण उपरांत सभी अतिथियों ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को आशीर्वाद दिया एवं आशीर्वचन में छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा जीवन में जिम्मेदारियां निभाने से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है जो राष्ट्र निर्माण तथा समाज सेवा का आधार होता है। खुश रहे और खुशियां बांटे। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने उपमुख्यमंत्री को पूर्व में मुख्य मंत्री व्दारा की गई घोषणाओं को ध्यान आकर्षित कराया और कहा उन सभी घोषणाओं को पूरा करने की बात कहीं साथ ही वर्तमान में समाज के कवर्धा जिला द्वारा मांग की गई जिस पर भी अमल करने की बात कही।वही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने समाज के लिए 21 लाख की घोषणा की एवं पूर्व में की गई घोषणाओं को भी पूरा करने की बात कही। साथ ही विधायक भावना बोहरा ने भी समाज को 10 लाख देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को विधायक यशोदा वर्मा, महामंत्री घनश्याम कौशिक, नगर पालिका के अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक, दसमत जघेल, सुरेश सिंगरौर, जागेश्वरी वर्मा ने भी संबोधित किया।शपथ लेने वालों में प्रमुख रूसे जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों के साथ महिला जिला अध्यक्ष व सर्किल अध्यक्ष एवं युवा जिला भी रहे।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक भावना बोहर, विधायक यशोदा वर्मा, नप अध्यक्ष मनहरण कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, महामंत्री घनश्याम कौशिक, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, संगठन मंत्री जीवन कौशिक अंकेक्षक विमल पटेल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कमलेश्वर वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नंद बाबा, प्रदेश प्रचार सचिव भगवती वर्मा, रायफल कौशिक,सुरेश सिंगरौर, उत्तम चंदेल, जागेश्वरी वर्मा, विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं पदाधिकारी व युवा, महिला उपस्थित रहे।

कलडबरी महरुम में हर्षोल्लास से मनाया गया पारंपरिक त्यौहार हरेली

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली ग्राम कलडबरी सहित अंचल के महरूम, करमरी, पतोरा में बड़े धूमधाम से मनाया गया.

इस त्यौहार में सर्वप्रथम गांव के प्रमुख देवी मां शीतला का पूजा अर्चना किया गया और साथ ही सभी अपने अपने घर में कृषि यंत्रों को धोकर एवम् मुरूम रखकर कृषि यंत्रों की विधि विधान से पूजा किया गया. पौनी पसारी के लिए यादव बंधुओं व्दारा घर-घर पहुंचकर नीम पत्तियों के माध्यम से नाई, धोबी, कोटावर, गाय रखवार, हरियाली की शुभकामनाएं देकर स्वस्थ रहने की कामना की है. बच्चों व बुजुर्गो द्वारा परंपरा को बनाए रखने के लिए गेड़ी, फुगड़ी, बांटी, कुर्सी दौड़ खेलकर खेलों का आनंद उठाया. पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्यौहार सद्भाव व शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया.

रेलवे बुकिंग ऑफिस के पास से अज्ञात चोरों ने स्कूटी चुराया

डोंगरगढ़ (दावा)। यदुमणी माझी/सोमनाथ माझी निवासी रेलवे कालोनी की स्कूटी अज्ञात चोर द्वारा रेलवे बुकिंग ऑफिस के पास से चोरी कर ली गई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि वह रेल्वे विभाग डोंगरगढ़ में कार्यरत है। दिनांक 02/08/2024 को रात्रि 12/15 बजे होण्डा स्कूटी सफेद नीला कलर क्रमांक सीजी 04 एलडब्ल्यू 4478 को रेल्वे स्टेशन टिकिट बुकिंग के साईड में खड़ी कर रात्रि डियुटी चला गया था। ड्यूटी से सुबह करीबन 8 बजे वापस आकर देखा तो स्कूटी क्रमांक सीजी-04/ एलडब्ल्यू 4478 कीमती 15,000/ रूपये रखे स्थान पर नहीं था। जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। आस पासपता तलाश किया कोई पता नहीं चला है।

शिक्षा का अधिकार कांग्रेस की देन- मदन साहू

संकुल स्तरीय पालक - शिक्षक मेगा बैठक
संकुल - आरगांव

डोंगरगांव (दावा)। आरगांव संकुल में शिक्षक-पालक मेगा बैठक आयोजित की गई. नई शिक्षा नीति लागू किए जाने के साथ ही इस आयोजन के सहारे पालकों तक जानकारी पहुंचाने की मुहिम भी चल रही है. संकुल के स्कूलों के शिक्षकों ने यहां पालकों को स्वागत किया और उन्हें बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किए जाने हेतु प्रेरित किया. इस दौरान स्कूलों में न्योता भोजन के आयोजन की जानकारी भी पालकों के साथ साझा की गई. मंगलवार को शासकीय उच्च.माध्य.शाला आरगांव में आयोजित संकुल स्तरीय शिक्षक-पालक मेगा बैठक में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू शमिल हुए. उन्होंने यहां पालकों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों में अनुशासन आवश्यक है. इसके लिए शिक्षक और पालक दोनों को जिम्मेदार होना होगा ताकि बच्चों को सही शिक्षा और संस्कार मिले. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ही हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार दिया. डॉ.मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकाल में ही यह कानून लाया गया, जिससे अब हर बच्चे को शिक्षा प्राप्त हो रही है. आयोजन की सराहना करते हुए श्री साहू ने संकुल समन्वयक एन.आर.साहू, संकुल प्राचार्य बी.के. भुआर्य सहित प्रधानपाठकों व शिक्षकों का अभिवादन किया. वहीं मौजूद विभिन्न ग्रामों से आए पालकों को भी उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में भागीदार बने रहने की बात कही.

पालक शिक्षक मेगा बैठक बेलगांव में संपन्न

पालकों के साथ बेहतर संवाद से ही बच्चों की प्रगति संभव है - प्राचार्य श्रीमती तिवारी

डोंगरगढ़(दावा)। संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक शा.उच्चत्तर माध्यमिक शाला बेलगाँव विकास खंड डोंगरगढ़ में आयोजित किया गया। जिसमें संकुल के समस्त स्कूलों के संस्था प्रमुख एवं ग्राम बेलगाँव, डारागांव, जटकन्हार, नागतराई, हरणसिंघी, धुसेरा के पालकों ने बैठक में भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि छबिल साहू सरपंच बेलगाँव, विशिष्ट अतिथि गोविन्द कंवर पूर्व सरपंच, विशिष्ट अतिथि मुरली गेडाम, चंद्रभान लहरे उपस्थित थे।

प्राचार्य श्रीमती तिवारी ने पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करते हुए बच्चों की प्रगति से अवगत कराया । प्रधान पाठक रामभरोसे साहू ने बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु पालकों से कई मुद्दों पर चर्चा की। शिक्षक अमिताभ दुफारे ने पालक शिक्षक मेगा बैठक के 12 मुद्दों को कविता के रूप में प्रस्तुत किया। प्रधान पाठक चेतन सिन्हा ने विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के बारे में पालकों को जानकारी दी। प्रधान पाठक उत्तम चंद सोनी ने बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा की। प्रधान पाठक श्रीमती हंसा पांडे मैडम ने उल्लास साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी दी। सभी संस्था प्रमुखों ने बारी बारी से शासन के विभिन्न योजनाओं को जो शाला में संचालित किए जाते हैं, उसे विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा ने किया आभार नेमसिंग साहू ने किया इस पालक शिक्षक मेगा बैठक में बहुतायत की संख्या में पालकों ने भाग लिया।

दीक्षांत समारोह : हेमचंद यादव विवि के 68 शोधार्थियों को पीएचडी, 48 विद्यार्थियों को मिले गोल्ड मेडल

दुर्ग (दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह बुधवार को संपन्न हुआ। समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर अतिथि पहुंचे। दीक्षांत समारोह में 68 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई और विभिन्न विषयों की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 48 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इस दीक्षांत समारोह रायपुर एसएसपी संतोष सिंह और आईजी रतनलाल डांगी भी डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वालों में शामिल रहे। बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल रामेन डेका ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि, बहुत खुशी की बात है आज मैं हेमचंद विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुआ। मैं कामना करता हूं कि, यह विश्वविद्यालय और अन्य विषयों में आगे बढ़े जिसका लाभ यहां के छात्रों को मिल सके।

विकसित भारत बनाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी : सीएम साय

सीएम ने सभी शोधार्थियों और छात्रों से संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। जिसके साथ एक अच्छे मानव संसाधन का निर्माण होगा। केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार है। इसमें हमारी भागीदारी है कि, छत्तीसगढ़ भी विकास करके प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने में सहयोगी बने। इसी क्रम में केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में 152 पीएम श्री स्कूल स्वीकृत किए गए हैं। जिस तरह से यूनिवर्सिटी के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की है। इस तरह राज्य के अन्य छात्र भी आगे बढ़ें, इस दीक्षांत समारोह का यही मकसद है।

सीएम ने की यूटीडी बिल्डिंग और ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा

सीएम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, जब विधानसभा का चुनाव प्रचार चल रहा था तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां के युवाओं से वादा किया था कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई द्वारा होगी और मुझे बताते हुए गर्व हो रहा है कि, जिस तरह से मोदी की गारंटी को हम लोग पूरा कर रहे हैं मोदी जी का जो वादा था पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई करेगी वह जांच शुरू हो गई है। जो भी दोषी होंगे वे बख्शे नहीं जाएंगे। वहीं सीएम ने यूनिवर्सिटी की कुलपति अरुणा पलटा की मांग पर यूनिवर्सिटी में यूटीडी बिल्डिंग और ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की।

आईजी डांगी को मिली डाक्टरेट की उपाधि

इस समारोह में आईजी रतनलाल डांगी को भी डाक्टरेट की उपाधि मिली। उनहोंने कहा कि, मेरा विषय 'नक्सली उन्मूलन में सहायक आरक्षक की भूमिका (बीजापुर जिले के संदर्भ में) था। यह विषय राष्ट्रीय स्तर भी सहयोगी बनेगा। इस विषय पीएचडी करने वाले आईजी रतन लाल डांगी ने कहा कि, 10 साल में नक्सली बेल्ट काम किया हूं। इसका अनुभव मुझे है, नक्सली क्षेत्र में बस्तर फाइटर, सहायक आरक्षक बनने के बाद इनके जीवन मे क्या परिवर्तन आया। नक्सल समस्या में निपटने के लिए यह शोध कारगर होगा।

एसएसपी रायपुर संतोष सिंह को भी मिली डाक्टरेट की उपाधि

पुलिसिंग करते हुए पीएचडी करने वाले रायपुर जिले के एसएसपी संतोष सिंह को भी संयुक्त राष्ट्र संघ के शांति प्रयासों की भूमिका के कार्यों की समालोचना विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इस विषय पर जानकारी देते हुए एसपी संतोष सिंह ने कहा कि, जब जब दो देशों के बीच युद्ध होता है, तब संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा शांति सैनिक भेजे जाते हैं। इसी विषय पर मेरा शोध है कि, किस तरह से शांति प्रयास किए जाएं और पूरे विश्व में भारत तीसरे नंबर का देश है, जो सबसे अधिक शांति सैनिक भेजता है। इन शांति सैनिकों में बहुत से पुलिस और बीएसएफ के जवान जाते हैं। उन सैनिकों और जवानों के लिये मेरा यह शोध सहयोगी बनेगा।

आरक्षक शीतलेश ने 11वीं विश्व स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस विभाग के आरक्षक शीतलेश पटेल ने कज़ाकिस्तान में आयोजित 11 वीं विश्व स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग का नाम रौशन किया है।

बताया जाता है कि 15 से 19 जुलाई तक कजाकिस्तान में आयोजित रहे उक्त प्रतियोगिता में आरक्षक शीतलेश पटेल को गोल्ड मेडल जीतने पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा सम्मानित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कजाकिस्तान में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में शीतलेश ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। बताया गया कि शीतलेश पटेल रक्षित केंद्र ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया है। शीतलेश कुमार पटेल के वापस अपने यूनिट राजनांदगांव आने पर हर्ष व्यक्त करते हुए राजनांदगांव पुलिस एवं छत्तीसगढ़ पुलिस का मान बढ़ाने पर पुलिस अधीक्षक गर्ग द्वारा उन्हें पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित किया साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहें।

राजनांदगांव (दावा)। 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत आज नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी देवेन्द्र सोनी ने अपनी माँ स्वर्गीय श्रीमती दुलारी बाई की पुण्यतिथि सावन तीज के अवसर पर आनंद वाटिका में नीम और आंवला के पेड़ लगाया।

स्टेट हाइवे का बगदई पुल क्षतिग्रस्त, हो गया है जानलेवा गड्ढा



डोंगरगांव (दावा)। शहर सहित पूरे क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला बगदई में निर्मित घुमरिया नदी का पुल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसके चलते राहगीर अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और आये दिन सडक़ दुर्घटनाएं हो रही हैं।

बता दें कि डोंगरगांव से राजनांदगांव की ओर जाने वाली स्टेट हाईवे में ग्राम बगदई के ऊपर घुमरिया नदी में बना वर्षों पुराना पुल वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें जानलेवा गड्ढा बन गया है, यह गड्ढा सडक़ की पूरी चौड़ाई में है जिससे कोई भी राहगीर बच नहीं सकता, इस संबंध में पहले भी विभाग को चेताया गया था किंतु विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और ना मरम्मत कार्य किया गया. वर्तमान में बरसात के चलते इस बड़े गड्ढे में पानी भरे होने से गहराई का अंदाजा नहीं होता और लगातार सडक़ दुघटनाएं हो रही है.

इतना ही नहीं पूरे पुल के और भी हिस्से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, बड़ी बात यह है कि कुछ दिनों पूर्व पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारी के साथ जिले स्तर के अधिकारी इसी पुल और गड्ढे को पार करके आवागमन किये हैं, बावजूद इसके पुल की मरम्मत नहीं कराई गई है. यह जानलेवा गड्ढा दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है. कोई बड़ी दुर्घटना या जानमाल की हानि न हो, इससे पहले इसमें सुधार कार्य त्वरित रूप से किया जाना चाहिए।

जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन एवं हम सबके राम पत्रिका का डिजिटल लाईब्रेरी में नि:शुल्क वितरण

राजनांदगांव (दावा)। जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन मासिक पत्रिका एवं हम सबके राम का आज डिजिटल लाईब्रेरी में विद्यार्थियों को निःशुल्क वितरण किया गया। जनमन पत्रिका पाकर विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की। जनमन पत्रिका विकसित भारत, छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम अंतर्गत शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। विद्यार्थी सौरभ सम्राट ने कहा कि जनमन शासन की लोकहितकारी योजनाओं का अच्छा संकलन है।

- जनमन पत्रिका पाकर विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की
- जनमन शासन की लोकहितकारी योजनाओं का अच्छा संकलन
- प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मददगार
- जनमन पत्रिका प्रमाणिक तथ्यों का संकलन

इस किताब से आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मदद मिलेगी। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद केबिनेट मंत्री एवं अन्य मंत्रियों की अच्छी जानकारी दी गई है। उन्होंने हम सबके राम किताब की प्रशंसा की। मेहुल कुमार ने बताया कि डबल इंजन की सरकार जब से बनी है, तब से राजनांदगांव जिला तेजी से विकास की दिशा में अग्रसर है। मोदी @ 3.0 रचा इतिहास के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इतिहास रचा है। बड़े लक्ष्य, ऊंचे आदर्श, मजबूत इरादे के साथ कार्य किया जा रहा है। शासन की महतारी वंदन योजना से महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1 हजार रूपए प्राप्त हो रहा है। टिकेश्वर धुर्वे ने कहा कि जनमन पत्रिका प्रमाणिक तथ्यों का अच्छा संकलन है। यह प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी है।

उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में मोदी @ 3.0 रचा इतिहास, सीएम ने बचपन से की है खेती इसलिए समझते हैं, गारंटी पर काम मजबूत हुआ विश्वास, महतारी वंदन के बाद अब महतारी सदन, बस्तर में सुरक्षाबलों को भारी सफलता, भारत के अंतरिक्ष विज्ञान में बढ़ते कदम, बस्तर की सांस्कृतिक समृद्धि संबंधित आलेख एवं सफलता की कहानियां है। हम सबके राम पत्रिका में अयोध्या धाम, छत्तीसगढ़ से राम का गहरा नाता, सीतामढ़ी और हरचौका, रामगढ़ में रामगिरी, तुरतुरिया, शबरी की नगरी शिवरीनारायण, चंदखुरी माता कौशल्या का प्राचीन मंदिर, सप्त ऋषियों की तपोस्थली सिहावा, छत्तीसगढ़ का प्रयागराज राजिम, तीरथगढ़, मां दतेश्वरी, मां चंद्रहासिनी, बारसूर, चंपारण्य, सिरपुर, मल्हार, खरौद, कुटुमसर की गुफा, इन रास्तों से गुजरे थे श्रीराम तथा अन्य धार्मिक पर्यटन स्थलों की जानकारी का समावेश है।

राशि वरुड़कर का राष्ट्रीय चेस प्रतियोगिता हेतु चयन

राजनांदगाँव (दावा)। जिले के अग्रणी एवं प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री की पांचवी कक्षा में अध्ययनरत् होनहार छात्रा राशि वरुड़कर ने छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बालिकाओं की अंडर-11 तथा अंडर-13 वर्ग में अपनी जीत दर्ज करते हुए दोनों वर्गों की राष्ट्रीय प्रेरियोगिताओं हेतु स्थान सुनिश्चित किया है। अंडर-11 बालिका वर्ग की राष्ट्रीय चेस प्रतियोगिता 03 से 13 अक्टूबर तक तेलांगना राज्य में तथा अंडर-13 हेतु राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगामी 28 नवंबर से 06 दिसम्बर तक पश्चिम बंगाल में सम्पन्न होगी इस हेतु राशि अपनी विजय सुनिश्चित करने लगन के साथ अभ्यास में जुटी हैं। शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते द्वारा उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें शाला की प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त शाला परिवार एवं निदेशक मंडल ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उनकी विजय हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की है। उक्त जानकारी शाला के प्रचार-प्रसार प्रभारी अनुराग सक्सेना ने दी।

आज मोतीपुर से निकलेगी महाकाल पालकी यात्रा

आज गुरुवार 08 अगस्त, दोपहर 12 बजे निकलेगी पालकी, पहली बार इस क्षेत्र में पालकी यात्रा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में महाकाल भक्त सेना और महाकाल मंदिर समिति सिंघोला के द्वारा पवित्र पावन सावन मास में प्रत्येक वर्ष बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा, विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों से निकली जाती है। जोकि अब संस्कारधानी की पहचान बनती जा रही है। शिव भक्तों की मांग शहर के अलग-अलग क्षेत्र में पालकी निकालने हेतु हो रही है।

पालकी यात्रा बनी नगर की पहचान

इसी को देखते हुए आज गुरुवार 08 अगस्त को पहली बार शिव मंदिर, मोतीपुर, बापूटोला रोड से महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जावेगी। मोतीपुर से प्रारंभ पालकी शोभायात्रा ममता नगर, तुलसीपुर होते हुए वहां विश्राम करेगी। शहर के इस क्षेत्र में निकल रही पालकी यात्रा को लेकर शिव भक्तों में अपार उत्सव उत्साह देखा जा रहा है। महाकाल भक्त इसकी तैयारी में जुट गए हैं। पालकी यात्रा का प्रारंभ दोपहर 12:00 बजे होगा। महाकाल भक्त पवन डागा ने जानकारी दी की प्रत्येक सोमवार के अलावा जिले के डोंगरगढ़, खैरागढ़, डोंगरगांव, महाराजपुर आदि जगहों से भी पालकी यात्रा निकल जा रही है।

पालकी यात्रा में यह होंगे विशेष आकर्षण

संस्कारधानी नगरी के वैभव का ध्यान में रखते हुए धार्मिक आस्था से परिपूर्ण पालकी शोभायात्रा में भगवान भोलेशंकर शिव के अनेक रूपों में उनकी वेशभूषा में लोक कलाकार नजर आएंगे, साथ ही एक भव्य झांकी बाबा महाकाल की भी होगी। भजन कीर्तन करते हुए महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चों के साथ ढोल, नगाड़े, झांझ, मंजीरे आदि का भी प्रदर्शन होगा।

पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे महाकाल भक्त

महाकाल भक्त सेना एवं मंदिर समिति ने बताया कि बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में महाकाल भक्त पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। पालकी को उठाने के लिए जो भी भक्त शामिल हो उन्हें आवश्यक रूप से धार्मिक मान्यता का पालन करना अनिवार्य होगा। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

सुरगी सड़क निर्माण के मुद्दे पर भूपेश ने भरमाया, लेकिन डॉ. रमन ने वायदा निभाया -मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। सुरगी सड़क निर्माण में हो रही देरी पर कांग्रेस द्वारा आंदोलन किये जाने की धमकी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने इसे मुद्दाविहीन कांग्रेस पार्टी की गीदड़भभकी करार दिया है। उन्होंने कहा है कि सुरगी सड़क निर्माण के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी एवं भूपेश बघेल ने हमेशा जनता को केवल भरमाने का काम किया है जबकि भाजपा पार्टी और डॉ. रमन ने इस सड़क के पुनर्निर्माण का वायदा निभाया है।

सड़क निर्माण से आवागमन का 80 प्रतिशत सफर हुआ सुगम, सरकार बनते ही डॉ. रमन ने सुरगी सड़क पुनर्निर्माण प्रारंभ करने हेतु अधिकारियों को किया था निर्देशित

भाजपा नेता मधुसूदन ने जनता को यह स्मरण कराते हुए कहा है कि गत विधानसभा चुनाव के पहले राजनांदगॉव विधायक डॉ. रमन सिंह ने ही क्षेत्र की जनता से यह वादा किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही सुरगी सड़क की दशा सुधारी जायेगी, और उन्होंने सरकार बनते ही अपना वादा निभाते हुए सुरगी हरदी सड़क पुनर्निर्माण हेतु फंड दिलवाया और अधिकारियों को तुरंत निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देशित कर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया है। वर्तमान में इस सड़क के निर्माण कार्य को पूर्ण करने की समय सीमा मार्च 2025 निर्धारित है और थोड़ा ही निर्माण कार्य शेष बचा है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन करने वाली जनता का लगभग 80 प्रतिशत सफर सुगम हो चुका है। शेष निर्माण कार्य को भी समयावधि के पहले ही की पूर्ण कराने का प्रयास शासन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय जनता का सहयोग अपेक्षित है। पूर्व सांसद ने क्षेत्रीय निवासियों से अपील करते हुए कहा है कि सुरगी सड़क निर्माण में विलंब के नाम पर कांग्रेस पार्टी द्वारा की जा रही स्वार्थ की राजनीति को पहचाने और बहकावे में आने से बचें क्योंकि अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही विगत पॉच सालों से अवरूद्ध विकास एवं निर्माण कार्यो को डबल इंजन की भाजपा सरकार में पुनः गति प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है।

पूर्व सांसद ने सुरगी सड़क के निर्माण पर पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में की गई ओछी राजनीति का इतिहास स्मरण दिलाते हुए कहा है कि तब तात्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 22 नवंबर 2022 को ग्राम सुरगी में आयोजित मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम में हरदी से सुरगी तक सड़क निर्माण की घोषणा की थी और लोक निर्माण विभाग द्वारा तत्संबंध में लगभग 18 करोड़ 10 लाख रुपए का प्राक्कलन विभागीय स्तर पर तैयार कर स्वीकृति हेतु उच्च कार्यालय को भी भेजा गया था, किन्तु 01 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद भी सड़क निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी नहीं की गई थी, जिसके कारण आवागमन के दौरान जनता को जानलेवा परेशानियों का सामना करना पड़ता था, आये दिन गंभीर दुर्घटनाएँ होती रहती थी, जिनमें ग्राम कोटराभाठा के रहवासी अनुज साहू की दर्दनाक मौत भी हो गई थी।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु ने शहर के कांग्रेसी नेताओं से पूछा है कि की उन दिनों जब कांग्रेस पार्टी एवं भूपेश बघेल द्वारा राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से सौतेला व्यवहार किया जा रहा था और सुनियोजित षड्यंत्र के तहत सुरगी हरदी सड़क निर्माण सहित राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अन्य सभी विकास एवं निर्माण कार्यों को दुर्भावनापूर्वक बाधित किया जा रहा था, तब शहर के कांग्रेसी नेता अपनी ऑखें मूंद कर मौन क्यो बैठे थे? क्या आज ही उनकी कुंभकरणी निद्रा भंग हुई है और आज ही उनका मौन व्रत टूटा है।

पुलिस पार्टी पर हमला व हत्या करने के प्रयास में महिला नक्सली को सजा

राजनॉदगाँव (दावा)। नक्सली वारदार के एक मामले में संपूर्ण विचारण उपरान्त न्यायालय माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राजनांदगाँव डी.आर. देवाँगन द्वारा फैसला सुनाते हुये महिला नक्सली कमला उर्फ माठे मरकाम (मड़कम) आ. पाण्डू राम मरकाम (मड़कम), आयु 19 वर्ष, निवासी भीमापुरम, थाना जगरगुण्डा, जिला सुकमा (छ.ग.) को आरोप साबित पाये जाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147 के तहत् 06 माह का सश्रम कारावास एवं 300 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 15 दिन अतिरिक्त सश्रम कारावास, भादसं की धारा 148 के तहत् 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, भादसं की धारा 307 सहपठित धारा 149 के तहत् 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 03 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 25 (1ख) (क) आयुध अधिनियम के तहत् 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न, किये जाने की स्थिति में 02 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 27 आयुध अधिनियम के तहत् 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 02 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास एवं धारा 4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत् 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 02 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत् 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 700 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में 02 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि, अभियुक्ता कमला उर्फ माठे मरकाम को उपरोक्त धाराओं में दी गई सभी सजायें साथ-साथ चलेगी किन्तु अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने की दशा में भुगताया जाने वाला कारावास की सजा एक के बाद एक भुगतायी जावें।

थाना मानपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सुडियाल परदोनी जंगल का मामला

मामले में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक कुंजलाल साहू ने बताया कि, दिनांक 11 अक्टुबर 2019 को शाम पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि, थाना मानपुर क्षेत्र के ग्राम परदोनी सुडियाल के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित माओवादी संगठन मोहला मानपुर संयुक्त एरिया कमेटी एलओएस के 10-12 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली सदस्य एवं आरकेबी डिवीजन के अज्ञात नक्सली सदस्य अपने अन्य नक्सली साथियों के साथ किसी बडी घटना को अंजाम देने इकट्ठा हुए हैं। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा उक्त मुखबीर सूचना के आधार पर अग्रिम कार्यवाही हेतु डीआरजी टीम, थाना गातापार टीम एवं एसटीएफ बल को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ऑपरेशन प्लान मुताबिक कोहका आईटीबीटी टीम, डीआरजी राजनांदगांव टीम, एसटीएफ बघेरा पीसी जायसवाल हमराह 28 बल, एसटीएफ बघेरा टीम ए.पी.सी विरेन्द्र यदु हमराह 29 बल, डीआरजी राजनांदगांव हमराह 25 बल, गातापार निरीक्षक लक्ष्मण केंवट हमराह 42 बल, पानाबरस आईटीबीटी टीम, डीआरजी राजनांदगाव उ.नि. योगेश कश्यप हमराह 22 बल, भोजटोला टीम आर्म्स एम्युनेशन सुरक्षा उपकरण के साथ अपने-अपने पार्टी को लेकर दिनाँक 12 अक्टूबर 2019 को मुखबीर के बताये स्थान की ओर नक्सली गश्त सर्चिंग में रवाना हुए तभी डीआरजी टीम राजनांदगांव के उ.नि. तारनदास डहरिया अपनी पार्टी को लेकर ग्राम महकाटोला, परदोनी के जंगल पहाड़ी को सर्च करते ग्राम सुडियाल की ओर बढ़ रहे थे तभी उसी समय परदोनी जंगल पहाड़ी के पास घात लगाकर बैठे नक्सलियों द्वारा उनकी पार्टी की ओर आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे तब पुलिस पार्टी द्वारा अपनी उपस्थिति एवं पहचान बताते हुए आत्मसमर्पण हेतु आवाज़ देकर फायरिंग रोकने हेतु बार-बार बोला गया, फिर भी नक्सली लगातार फायरिंग करते रहे तब पुलिस पार्टी द्वारा आत्म सुरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही करते हुये मोर्चा संभाल कर नक्सलियों की ओर जवाबी फायरिंग किये तो नक्सली पुलिस पार्टी को अपने ऊपर हावी होते देखकर एक-दूसरे का नाम गैंदसिंह भागो, लोकेश दिवाकर, शीला मड़ाम, मंगेश, विज्जा, अशोक, रमेश सभी भागो पुलिस वाले आगे बढ़ रहे है, जान बचाओ कहते हुए घने जंगल पत्थर का आड़ लेकर फायरिंग करते हुए नक्सली भागने लगे, जिसका पुलिस पार्टी लगातार पीछा की लेकिन नक्सली भागने में कामयाब हो गये।

पुलिस पार्टी द्वारा आगे बढ़कर घटना स्थल को बारिकी से सर्च करने पर घटना स्थल से एसएलआर रायफल, कारतूस का खाली खोखा, काले रंग का नक्सली पीट्ठू नक्सली वर्दी, सोलर पैनल, चार्जर, बैटरी, डेटोनेटर, कुकर बम, पानी जरकीन, बाल्टी, वायर बंडल, शाल, जर्मन बर्तन, हैंड ग्लव्स, टॉवेल स्कार्प, मेडिकल कीट, रस्सा, नक्सली साहित्य एवं पॉम्पलेट, दूध पाऊडर, एलईडी लाईट, टॉर्च, ग्लूकोज, बुड पॉलिस, स्लेट, प्लेट, पावर बैंक बैटरी, साबुन डिब्बा, टेंट झिल्ली, बेल्ट, थैला, पानी छन्नी, किसनी, यूएसबी केबल बरामद कर जप्त किया गया।

विधिवत् कार्यवाही करते हुये थाना मानपुर द्वारा अपराध कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के शेष सर्चिंग पार्टी निरीक्षक लक्ष्मण केंवट थाना गातापार, दिनांक 13 अक्टुबर 2019 को सर्च करते हुए मानपुर की ओर आ रहे थे तभी ग्राम सुडियाल में बारिकी से सर्च करने पर सगन यादव के मकान में घायल अवस्था में एक महिला नक्सली कमला उर्फ माठे मड़काम मिली तब उक्त महिला नक्सली के खून लगा हुआ वर्दी व एक नग वॉकी-टॉकी को लेकर ग्रामीणों के सहयोग से थाना लाकर घायल महिला नक्सली को ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर भेजा गया। नक्सली वर्दी व वॉकी-टॉकी को जप्त किया गया। अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गवाहों का कथन लेखबद्ध किया गया। अभियुक्त लोकेश सलामें, शीला उर्फ देवली पुडो एवं गैंदसिंह कोवाची के विरूद्ध फरारी पंचनामा तैयार किया गया एवं संपूर्ण विवेचना पश्चात् गिरफ्तार अभियुक्ता कमला उर्फ माठो व फरार नक्सलियों के विरूद्ध पर्याप्त सबूत पाये जाने पर अभियोग पत्र तैयार कर विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com